

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 270

ग्वालियर, बुधवार, 24 नवम्बर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

## खास खबर

### दिग्विजय के सत्कार में भाजपा विधायक का घर तैयार

**भोपाल।** भोपाल में भाजपा और कांग्रेस की घुटना तोड़ राजनीति में अचानक हलवा-पूरी की एंट्री हो गई है। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के भाजपा विधायक रामेश्वर के निवास पर 24 नवंबर को 1 घंटे रामधुन करने के ऐलान किया था। इसके बाद पूर्व प्रोटेम स्पीकर और विधायक रामेश्वर शर्मा ने मालवीय नगर स्थित अपने निवास युवा सदन पर स्वागत द्वार तैयार कराया जा रहा है। इस पर रामधुन के साथ ही भगवान राम के चित्र के साथ जय श्री राम लिखा है। परिसर में करीब 1 हजार लोगों के बैठने के लिए टेंट लगाया जा रहा है। साथ ही प्रसाद में बांटने के लिए पूरी, सब्जी और हलवा बांटने की तैयारी है। दरअसल, रामेश्वर शर्मा ने बयान में कहा था कि कांग्रेसी आए तो घुटने तोड़ देंगे। इस पर दिग्विजय सिंह ने चैलेंज किया था मैं घर आऊंगा, मेरे घुटने तोड़ दें। इसके बाद रामेश्वर शर्मा अचानक बैकफुट पर आते दिख रहे हैं।

### केजरीवाल ने कहा, सिद्धू की सच बोलने की हिम्मत की दाद देता हूं

**अमृतसर।** दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप के अरविंद केजरीवाल ने पंजाब कांग्रेस अध्?यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू की जमकर तारीफ की।केजरीवाल ने कहा कि वह सिद्धू की सच बोलने की हिम्मत की दाद देते हैं। उन्होंने पंजाब के सीएम चरणजीत सिंह चन्नी पर जमकर हमले किए, लेकिन नवजोत सिद्धू की प्रशंसा की। केजरीवाल में कहा कि पंजाब के सीएम चरणजीत सिंह चन्नी कह रहे हैं कि राज्?य में रेत सस्ता हो गया, बिजली सस्ती हो गई, लेकिन सिद्धू मंच पर आकर उन्हें झूठा साबित कर रहे हैं। मैं सच बोलने के लिए सिद्धू की हिम्मत की दाद देता हूं।उन्होंने कहा कि सिद्धू पंजाब सरकार की नाकामियों को खुलकर उजागर कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि कांग्रेस पंजाब का खजाना खाली होने का रोना रोती है, लेकिन पांच साल तक को कांग्रेस की ही सरकार थी। खजाना किसने खाली किया, सत्ता में आकर इसकी जांच करवाएंगे।

### अमेजन और एप्पल पर लगभग 17अरब रुपये का जुर्माना

**नई दिल्ली।** अमेरिकी टेक कंपनी अमेजन और एप्पल पर भारी जुर्माना लगाया गया है।इन दोनों कंपनियों पर 200 मिलियन यूरो (लगभग 17अरब रुपये) से अधिक का जुर्माना लगाया गया है।ये जुर्माना एप्पल और बीस्ट प्रोडक्ट्स की सेल में एंटी-कंपीटिटिव कॉपरेशन की वजह से लगाया गया है।बीट्स ऑडियो प्रोडक्ट्स बनाती है। कंपनियों के बीच हुए समझौते में एप्पल और बीस्ट के प्रोडक्ट्स को केवल सेलेक्टेड रिसेलर ही अमेजन की इटालियन साइट अमेजन इट पर बेच सकते थे।कंपीटिशन ने कहा कि ये यूरोपियन यूनियन रूल्स का उल्लंघन है। ऑथोरिटी ने 68.7 मिलियन यूरो का फाइन अमेजन और 134.5 मिलियन यूरो का फाइन एप्पल पर लगाया।

# मध्यप्रदेश में चलेगा ऊर्जा साक्षरता अभियानः चौहान

### नागरिकों को ऊर्जा बचत की जानकारी दी जायेगी

### मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक



**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा निर्णय लिया गया कि प्रदेश के सभी नागरिकों को ऊर्जा साक्षर बनाने के लिये प्रदेश स्तर पर ऊर्जा साक्षरता अभियान चलाया जायेगा। अभियान के माध्यम से प्रदेश के नागरिकों को ऊर्जा बचत की जानकारी दी जायेगी। ऊर्जा साक्षरता अभियान में प्रदेश के सभी नागरिकों को समयबद्ध कार्य-योजना अनुसार ऊर्जा साक्षर बनाने के प्रयास किए जाएंगे। इसमें जन-सामान्य में ऊर्जा के व्यय एवं अपव्यय की समझ विकसित करना, ऊर्जा के पारम्परिक एवं वैकल्पिक साधनों की जानकारी देना एवं उनका पर्यावरण पर प्रभाव की समझ पैदा करना, ऊर्जा एवं ऊर्जा के उपयोग के बारे में सार्थक संवाद, ऊर्जा संरक्षण एवं प्रबंधन के बारे में जागरूकता, ऊर्जा उपयोग के प्रभावों, परिणामों की समझ के आधार पर इसके दक्ष उपयोग हेतु निर्णय लेने की दक्षता उत्पन्न करना, पर्यावरणीय जोखिम एवं जलवायु परिवर्तन के नकारात्मक प्रभाव को कम करना और विभिन्न ऊर्जा तकनीकों के चयन हेतु सक्षम बनाना जैसी गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से निपटने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए राज्य सरकार द्वारा ऊर्जा साक्षरता अभियान प्रारम्भ किया जा रहा है। इस अनूठे अभियान के माध्यम से स्कूलों एवं कॉलेजों के विदयार्थियों एवं जन-साधारण को ऊर्जा और ऊर्जा की बचत के विषय में जानकारी दी जायेगी। अभियान को एक मिशन के रूप में क्रियान्वित किया जायेगा।

### सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिये राज्य शासन की गारंटी

मंत्रि-परिषद ने आगर-शाजापुर-नीमच सौर पार्क की कुल 1500 मेगा वाट क्षमता की 10 गुना से अधिक क्षमता के लिए जारी निविदा में प्राप्त प्रतिस्पर्धा और न्यूनतम टैरिफ के लिए प्रमुख कारकों में से एक, ÷राज्य शासन द्वारा परियोजना विकास को राज्य शासन द्वारा गारंटी देने÷ के निर्णय का अनुमोदन किया। इसके कारण देश में न्यूनतम सोलर टैरिफ प्राप्त किया गया हैं। राज्य शासन की गारंटी दिये जाने से कई लाभ हुए। भुगतान सुरक्षा के कारण परियोजना विकास को ऋण, कम ब्याज दर पर प्राप्त हुआ। परियोजना स्थापना में अंतर्राष्ट्रीय विकासकों द्वारा रुचि ली गयी, जिन्हें विदेशी संस्थाओं से कम ब्याज दर पर ऋण प्राप्त हो सका। भुगतान जोखिम कम होने से विकासकर्ता कम लाभ अर्थात कम अंश पूंजी वापसी पर भी परियोजना स्थापना करने के इच्छुक रहे। बहुस्तरीय भुगतान सुरक्षा में राज्य शासन की गारंटी के दृष्टिगत कम कार्यशील पूंजी की आवश्यकता होती है। कार्यशील पूंजी पर ब्याज टर्म लोन से अधिक होता है। अतः राज्य शासन गारंटी उपलब्ध होने से कार्यशील पूंजी लागत पर लगने वाले अतिरिक्त ब्याज को बचाया जा सका है। प्रदेश में सितम्बर 2021 तक लगभग 5100 मेगा वाट क्षमता की नवकरणीय ऊर्जा क्षमता की स्थापना की गई है। इसमें सौर ऊर्जा क्षमता 2432 मेगावाट तथा पवन ऊर्जा क्षमता 2444 मेगा वाट है। मध्यप्रदेश में उपलब्ध कुल बिजली आपूर्ति का लगभग 21 प्रतिशत हिस्सा नवकरणीय ऊर्जा से प्राप्त होता है। कार्बन उत्सर्जन को कम करने के अपने निरंतर प्रयास में राज्य शासन वर्ष 2030 तक नवकरणीय ऊर्जा से बिजली आपूर्ति का हिस्सा बढ़ाकर 40 प्रतिशत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## अन्य राज्यों से शराब की तस्करी रोक पाना काफी मुश्किल होगा नीतीश को पहले ही आगाह किया था : लालू यादव



**पटना।** बिहार में शराबबंदी है फिर यहां धड़ल्ले से शराब का अवैध कारोबार जारी है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने दावा किया कि बिहार में शराबबंदी के समय उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को आगाह किया था कि अन्य राज्यों से शराब की तस्करी रोक पाना काफी मुश्किल होगा पर उन्होंने (नीतीश) इसे सफलतापूर्वक लागू करने का भरोसा दिया था। बिहार की पिछली महागठबंधन सरकार में लालू प्रसाद की पार्टी राजद के साथ सत्ता में रहे नीतीश के शराबबंदी के निर्णय को लेकर लालू का यह बयान उस समय आया है जब प्रदेश में हाल के दिनों में जहरीली शराब पीने से बड़ी संख्या में लोगों की मौत होने पर राज्य की पुलिस पर शराब की बिक्री और खपत पर लागू प्रतिबंध को प्रभावी ढंग से लागू करने को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। लालू प्रसाद ने संवाददाताओं से बातचीत के दौरान शराब तस्करी के मामले में बिहार की तुलना एक 'टापू' के रूप में करते हुए आरोप लगाया कि चारों तरफ से इसकी तस्करी हो रही है और अब राजस्व भी हासिल नहीं हो पा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि लोग मर रहे हैं और शराब की होम डिलीवरी हो रही है। राजद सुप्रीमो के छोटे पुत्र तेजस्वी प्रसाद यादव ने भी शराबबंदी की विफलता का आरोप लगाते हुए पुलिस व राज्य सरकार पर निशाना साधा।

यह पूछे जाने पर कि क्या वह शराबबंदी को वापस लिए जाने के पक्षधर हैं, लालू ने कहा, 'यह उनको (राज्य सरकार) फैसला करना है। हमने बहुत पहले कहा था कि कार्यान्वयन में कठिनाइयों को ईमानदारी से स्वीकार किया जाना चाहिए और इस कदम को वापस लिया जाना चाहिए।'

## भाजपा बोली- राज्य में अपनी नाकामी छुपाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय हो रही हैं ममता बनर्जी



**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की सीएम और टीएमसी की मुखिया ममता बनर्जी दिल्ली में कई विपक्षी नेताओं के साथ मुलाकात कर भाजपा को घेरने की रणनीति बनाएगी। पश्चिम बंगाल के बाद त्रिपुरा, गोवा और अब दिल्ली में जिस अंदाज में ममता बनर्जी भाजपा के खिलाफ अभियान चलाने में जुटी हुई हैं, उससे तो यही लग रहा है कि ममता राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा को घेरना चाहती हैं, यूं कहे कि मुख्य विपक्षी पार्टी की जगह लेना चाहती है। टीएमसी सुप्रीमो की राष्ट्रीय स्तर पर सक्रियता को लेकर मीडिया से बातचीत करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप घोष ने कहा कि बंगाल में सरकार चलाने वाले दलों की यह पुरानी बीमारी रही है कि वो प्रदेश के लोगों के हित में काम करने की बजाय राष्ट्रीय स्तर पर राजनीति करने की कोशिश करने में लग जाते हैं। लेफ्ट फ्रंट की सरकार के दौर में भी 34 वर्षों तक सीपीएम नेता दिल्ली में यही किया करते थे, अब ममता बनर्जी भी यही कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए ममता बनर्जी कभी गोवा, कभी त्रिपुरा या कभी दिल्ली जाकर इस तरह के नाटक करती रहती हैं। इससे कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है, जो एक राज्य को नहीं चला पा रही हैं वो देश में क्या कर पाएंगी। उन्होंने इसके साथ ही यह भी साफ तौर पर कहा कि लोकतंत्र में कोई भी कहीं भी चुनाव लड़ सकता है और टीएमसी की सक्रियता से भाजपा को कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

ममता बनर्जी की सक्रियता के सवाल पर बातचीत करते हुए पश्चिम बंगाल की हुगली से भाजपा लोकसभा सांसद लॉकेट चटर्जी ने कहा कि यह तो अच्छा है क्योंकि तब राजनीतिक लड़ाई चुनाव बाद हिंसा बनाम शांति एवं विकास के बीच होगी। सब लोग देख रहे हैं कि ममता बनर्जी राज्य में किस तरह से हिंसा की राजनीति कर रही हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किस तरह से देश के गरीबों के कल्याण और विकास के लिए काम कर रहे हैं। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और दार्जिलिंग से लोकसभा सांसद राजू बिस्ता ने कहा कि ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल के बाहर कभी भी एक ताकत नहीं रही है।

## महबूबा का आरोप मुझे फिर से नजरबंद किया गया

**श्रीनगर।** पीडीपी अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने फिर पुलिस पर उन्हें घर में नजरबंद करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने महबूबा के श्रीनगर में आवास के बाहर ताला लगाकर आवास से बाहर व अंदर जाने पर रोक लगा दी है। बताया जा रहा है कि महबूबा जम्मू की ही तरह श्रीनगर में भी हैदरपोरा मुठभेड़ में मारे गए स्थानीय लोगों की मौत के विरोध में अपने समर्थकों के साथ रोष रैली निकालने की तैयारी कर रही थी। जम्मू दौरे के दौरान भी महबूबा ने हैदरपोरा मुठभेड़ के विरोध में अपने समर्थकों के साथ रोष रैली निकाल मामले की न्यायिक जांच की मांग की थी। उन्होंने कहा कि सुरक्षाबल मुठभेड़ के दौरान आम लोगों को जिस तरह से अपनी ढाल बना रहे हैं उससे यहां के लोगों में रोष पनप रहा है। वहीं महबूबा का कहना है, कि वह विरोध रैली नहीं बल्कि हैदरपोरा मुठभेड़ में मारे गए अल्ताफ व डॉ मुदस्सर के परिजनों से मिलने जा रही थी।






## विपक्ष का प्रजातंत्र में विश्वास नहीं, वहां परिवार पनपते हैं: नड्डा


### गोरखपुर में कहा- हमारा राष्ट्रवाद महत्वपूर्ण, उनका वंशवाद ही सब कुछ

**गोरखपुर।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्षी पार्टियां प्रजातंत्र में नहीं, परिवार तंत्र में विश्वास करती हैं और वहां परिवार ही पनप सकता है।



नड्डा ने यहां गोरखपुर क्षेत्र के बूथ अध्यक्षों के सम्मेलन में कांग्रेस, समाजवादी पार्टी (सपा) और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) का नाम लिए बिना अपने संबोधन में कहा, %%हम सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को लेकर चलते हैं और वे (विपक्ष) वंशवाद को लेकर चलते हैं। हमारा राष्ट्रवाद महत्वपूर्ण है, उनका वंशवाद के आगे कुछ नहीं है, जो कुछ है वह वंश के लिए ही है। उन्होंने यह भी कहा कि बहुत लोग किसान नेता बनते हैं लेकिन अगर किसी ने किसानों के लिए कुछ किया है तो वह मोदी जी ने किया है। सपा के मुखिया का नाम लिए बिना उन्होंने तंज किया हम लोग सबका साथ सबका विश्वास को लेकर चलते हैं, वे वोट बैंक वर्ग विशेष को लेकर राजनीति करते हैं। हम लोग सबके उदय में विश्वास करते हैं वे लोग परिवार के उदय में विश्वास करते हैं, अपने लिए, अपने भाई के लिए, अपने चाचा के लिए, अपने ताया के लिए और अब तो उन्होंने चाचा के लिए भी सोचना छोड़ दिया है, अब तो सिर्फ अपने लिए ही रह गया है। उन्होंने कोरोना वैक्सीन को लेकर भी सपा प्रमुख पर तंज किया। ध्यान रहे गोरखपुर क्षेत्र में कुल 27,637 मतदान केंद्र हैं और हर मतदान केंद्र पर 21 सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। भाजपा के सांगठनिक दृष्टि से गोरखपुर क्षेत्र में कुल 62 विधानसभा क्षेत्र हैं जिनमें भाजपा ने 2017 के विधानसभा चुनाव में 43 और सहयोगी दलों ने दो सीटें जीती थीं। गोरखपुर न केवल उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का गृह जिला है बल्कि वह यहां के प्रतिष्ठित गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर भी हैं।



## न्यूज़ ट्रैक....



*बोली में जापान की छिहारु शिडे व नामी मेटसुयामा महिलाओं के युगल मुकाबले में भाग लेती हुई।*

### रोहित ने एकसाथ बनाये कई रिकार्ड

**कोलकाता** । भारतीय टी20 क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के तीसरे मैच में शानदार अर्धशतकीय पारी खेली थी। अपनी 56 रनों की इस पारी में रोहित ने एक साथ कई रिकार्ड भी अपने नाम कर लिए। रोहित ने अपनी 31 गेंद की पारी में 5 चौके और 3 छक्के लगाये इसमें से एक बाएं हाथ के गेंदबाज पर भी था। इसी के साथ ही रोहित ने बाएं हाथ के तेज गेंदबाजों पर सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकार्ड अपने नाम किया है। इस मामले में रोहित ने वेस्टइंडीज के खिलाड़ी इविन लुईस का रिकार्ड तोड़ा। लुइस ने टी20 अंतरराष्ट्रीय में कुल 17 छक्के लगाये थे। वहीं रोहित के नाम अब 18 छक्के हो गये हैं। इसके अलावा रोहित न्यूजीलैंड के खिलाफ एक टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में भारत की ओर से सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले कप्तान भी बने हैं। रोहित ने कप्तान के तौर पर टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में अपने 50 छक्के भी पूरे किये हैं।

### शोएब अख्तर करायेंगे घुटने की सर्जरी

**लाहौर** । पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने कहा है कि अब उनके दौड़ने के दिन नहीं रहे हैं। अख्तर के अनुसार उन्हें अपने घुटने की सर्जरी करानी होगी। अख्तर अपने करियर के दौरान भी चोटों से परेशान रहे थे। इसी कारण उन्होंने पहले भी मेलबर्न में घुटने की सर्जरी करायी थी। इस तेज गेंदबाज ने ट्विटर पर अपनी तस्वीर जारी करते हुए लिखा कि मेरे दौड़ने के दिन अब लद गये हैं क्योंकि मैं अपना घुटना बदलवाने के लिए जल्द ही मेलबर्न जाउंगा। अख्तर को दुनिया के सर्वकालिक तेज गेंदबाजों में से एक माना जाता है। वह रावलपिंडी एक्सप्रेस के नाम से भी लोकप्रिय रहे हैं। इस तेज गेंदबाज ने साल 2011 में क्रिकेट के सभी प्रारूपों को अलविदा कह दिया था। उन्होंने पाक की ओर से 46 टेस्ट और 163 एकदिवसीय मैच खेलते हुए 178 और 247 विकेट लिए हैं। उनके नाम 15 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 19 विकेट भी हैं।

### मोरिकावा ने दुबई ओपन जीता

**दुबई** । अमेरिकी गोल्फर कोलिन मोरिकावा ने दुबई ओपन विश्व टूर गोल्फ चैंपियनशिप जीती है। ब्रिटिश ओपन चैंपियन और राइडर कप विजेता कोलिन ने आखिरी सात में से पांच होल में बर्डी बनाकर यह खिताब अपने नाम किया है। इस जीत के साथ ही वह यूरोपीय टूर में नंबर एक पर बने रहने वाले पहले अमेरिकी गोल्फर भी बने हैं। मोरिकावा ने अंतिम दौर में छह अंडर 66 का कार्ड खेलकर रोरी मैकलारॉय को पीछे छोड़ा। उन्होंने तीन शॉट से यह खिताब जीता है।

# दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ियों के हौसलों को मिली नयी उड़ान

**इन्दौर** । इन्दौर तथा आस-पास के जिलों के दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ियों के पास अपने जोश और जुनून से धरती से आसमां नापने का हौसला तो था लेकिन उनके पास पंख (सुविधा) नहीं थी। जिला प्रशासन ने इन खिलाड़ियों की सुविधाओं का ध्यान रखा और इन्हें सुविधायुक्त व्हील चेयर उपलब्ध करायी। इन खिलाड़ियों को प्रेक्टिस के लिये मैदान के उपयोग की अनूमति भी दी। इससे इन खिलाड़ियों के हौसलों को नई उड़ान मिल गई है। उनका कहना है कि अब हम बेहतर प्रदर्शन करेंगे। राष्ट्रीय स्तर की स्पर्धा में इन्दौर और मध्यप्रदेश का नाम रोशन करेंगे तथा राष्ट्रीय विजेता का खिताब जीतेंगे। सांसद शंकर लालवानी ने आज यहां इन खिलाड़ियों को सुविधायुक्त व्हील चेयर वितरित की।

आज इन खिलाड़ियों को जिला प्रशासन के सामाजिक न्याय विभाग द्वारा इन साइट मॉल (फीनिक्स) के सहयोग से यह व्हील चेयर उपलब्ध करायी। इसकी शुरूआत कलेक्टर मनीष सिंह की पहल पर की गई। जब कलेक्टर मनीष सिंह को यह पता चला कि दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ियों के पास सुविधायुक्त व्हील चेयर नहीं है तो उन्होंने इन खिलाड़ियों को व्हील चेयर देना प्रारंभ किया। शुरूआत में चार या पांच खिलाड़ियों को यह व्हील चेयर दी गई। अब मध्यप्रदेश की पूरी 15 सदस्यी टीम को व्हील चेयर उपलब्ध करा दी गई है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर राजेश राठौर, सामाजिक न्याय विभाग की संयुक्त संचालक सुचिता तिर्की बेक तथा इन साइट मॉल (फीनिक्स) के विशाल दुबे भी मौजूद थे। व्हील चेयर के लिये इन साइट मॉल (फीनिक्स) द्वारा पांच लाख रूपये की सहायता दी गई है।



उक्त व्हील चेयर मिलने से खिलाड़ी बेहद खुश है। दिव्यांगजन क्रिकेट खेल संघ के अध्यक्ष शहजाद अली के बताया कि आज हमे बेहद खुशी हो रही है। हमारे पास सुविधायुक्त व्हील चेयर नहीं होने से दूसरे राज्यों की टीमों से मुकाबला ही नहीं कर पाते से, यहां तक की हम राष्ट्रीय स्पर्धा के लिये क्वालीफाई भी नहीं कर पाते थे। अब सुविधा मिल गई है। राष्ट्रीय स्पर्धा में जरूर शामिल होंगे और राष्ट्रीय विजेता बनेंगे। इसी तरह के विचार दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ी गोलू चौधरी, अल्ताफ हुसैन, आरिफ, अजय, कमल और कृष्णपाल के भी थे। इनका कहना था कि यह व्हील चेयर हमारे लिये बेहद मददगार होगी। यह बहुत आसानी से चलती है। रन दौड़ने, बैटिंग, बॉलिंग और फिल्डिंग में दिक्कत नहीं आयेगी। पहले साधारण व्हील चेयर होने से चोट लगती थी तथा क्रिकेट खेलने में बहुत कठिनाई आती थी। अब हमारी समस्या समाप्त हुई। हमे प्रेक्टिस के लिये आईटीआई का ग्राउंड भी जिला प्रशासन ने उपलब्ध कराया है। हम सब शासन प्रशासन के आभारी है।

## टी10 जैसे छोटे प्रारुप में गेंदबाजी हुई कठिन : आदिल

**अबुधाबी** । इंग्लैंड के लेग स्पिनर आदिल राशिद के अनुसार टी10 जैसे प्रारुप आने से गेंदबाजों की मुश्किलें बढ़ी हैं। आदिल के अनुसार छोटे प्रारुप में बल्लेबाज जोखिम लेकर कई नये शॉट खेलने है जिससे उन्हें गेंदबाजी करना और भी कठिन हो गया है। ऐसे में गेंदबाजों को अपना आत्मविश्वास बनाये रखना चाहिये क्योंकि एक या दो विकेट अगर उनको मिलते हैं तो मैच पलट जाता है। अबुधाबी 10 लीग में दिल्ली बुल्स की ओर से खेल रहे राशिद ने कहा, 'इस उम्र में इस प्रारूप में खेलना चुनौतीपूर्ण है क्योंकि आप सपाट पिच और छोटे मैदान में खेल रहे हैं। वहीं बल्लेबाजों के बल्ले की मोटाई बढ़ गई



है, ऐसे में आपके खिलाफ बड़े शॉट लगाना उनके लिए और भी आसान हो गया है। अगर आपके खिलाफ लगातार दो मैचों में छक्के और चौके लगते हैं तो आपके दिमाग में इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।%

उन्होंने कहा, 'एक स्पिनर के रूप में सबसे अहम बात यह है कि आप आत्मविश्वास को बनाए रखे। मैच में बल्लेबाज पर हावी होने के लिए आपको अपनी गेंदबाजी में विविधता बनाये रखनी होगी। इसके लिए नेट अभ्यास के दौरान अच्छी तैयारी करनी होती है और मानसिक रूप से मजबूती बनाये रखनी होती है।% राशिद पिछले कुछ साल में सीमित ओवर के क्रिकेट में अहम खिलाड़ी बनकर उभरे है। उन्होंने दुनियाभर में फ्रेंचाइजी आधारित लीग क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया है।



## ओसियन 8 ने जीता महावीर कप बैड़मिंटन खिताब

**इन्दौर** । अभय प्रशाल स्पोर्टस क्लब द्वारा आयोजित महावीर कप बैड़मिंटन टुर्नामेंट के फायनल मुकाबले में ओसियन 8 ने मास्टर ब्लास्टर को 3-0 से हराकर खिताबी सफलता अर्जित की। इसके पूर्व खेले गये सेमीफायनल मुकाबलों में ओसियन 8 ने क्रेजी शर्ट्ल्स का 3-1, मास्टर ब्लास्टर ने बॉस शर्ट्ल्स को 3-2 से हराकर फायनल मुकाबले में प्रवेश किया। क्वार्टल फायनल मुकाबलों में ओसियन 8 ने एवेंजर्स को 3-0, मास्टर ब्लास्टर ने पिंक पेंथर 2 को 3-0, क्रेजी शर्ट्ल्स ने पिंक पेंथर 1 को 3-0, बॉस शर्ट्ल्स ने एम.बी.जे. शर्ट्ल्स को 3-0 से हराकर सेमीफायनल मुकाबलो में जगह बनाई थी। स्पर्धा में विजेता उपविजेता टीमों को ट्राफी मेडल्स के साथ 11000/- एवं 5100 रू की नगद ईनामी राशि भी प्रदान की गई। पुरस्कार वितरण अभय प्रशाल के ट्रस्टी ओम सोनी, कपिला के प्रतीक केशरी के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर क्लब के अन्य ट्रस्टीगण जयेश आचार्य, रिंकु आचार्य, नीलेश वेद तथा विपुल बिंदल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत अभिषेक अग्रवाल, गिरधर गर्ग, विपुल शाह, हेमंत शाह, अंकित डागरिया ने किया। कार्यक्रम का संचालन रितेश छाजेड व आभार राजेश अग्रवाल ने किया।

## सीनियर टीम से खेलने का लाभ मिला : रीड

**भुवनेश्वर** । भारतीय हॉकी टीम के मुख्य कोच ग्राहम रीड ने कहा है कि एफआईएच जूनियर विश्व कप से पहले सीनियर हॉकी टीम के खिलाफ अभ्यास मैच से भारतीय टीम को लाभ हुआ है। एफआईएच जूनियर विश्व कप टूर्नामेंट 24 नवंबर से पांच दिसंबर तक कलिंगा स्टेडियम में खेला जाएगा। रीड ने कहा, 'हमें विदेशों में खेलने का अधिक अवसर नहीं मिला पर हमने भुवनेश्वर में सीनियर टीम के खिलाफ कुछ मैच खेले जो कि जूनियर विश्व कप में बेहद उपयोगी साबित होंगे। भुवनेश्वर आने के बाद हमने स्टेडियम से तालमेल बिठाया।% उन्होंने कहा, 'कलिंगा स्टेडियम वास्तव में शानदार है। यह अच्छा है कि टूर्नामेंट शुरू होने से पहले हम यहां



अभ्यास कर रहे हैं।% भारत को कनाडा, फ्रांस और पोलैंड के साथ ग्रुप बी में रखा गया है। ये सभी टीम पिछले सप्ताह ही यहां पहुंची। विवेक सागर की कप्तानी में भारतीय जूनियर टीम यह प्रतिष्ठित ट्रॉफी अपने पास बरकरार रखने के प्रयास करेंगी। विवेक ने कहा, 'हमारी टीम 2016 में चैंपियन बनी थी और हमारा लक्ष्य उसी तरह का प्रदर्शन करना है।% प्रतियोगिता में 16 देशों की टीम भाग ले रही हैं। टीमों को चार पूल में बांटा गया है। प्रत्येक पूल से शीर्ष पर रहने वाली दो टीम क्वार्टर फाइनल में प्रवेश करेंगी। पूल ए में यूरोपीय टीम बेल्जियम का सामना मलेशिया, चिली और दक्षिण अफ्रीका से होगा। नीदरलैंड, स्पेन, कोरिया और अमेरिका को पूल सी जबकि जर्मनी, पाकिस्तान, मिस्र और अर्जेंटीना को पूल डी में रखा गया है।

## व्यापार न्यूज

### शेयर बाजार साप्ताहिक समीक्षा

### रुपया डॉलर के मुकाबले 16 पैसे टूटकर 74.55 पर



**मुंबई** । घरेलू शेयर बाजार में नरम रुख और मजबूत अमेरिकी डॉलर के कारण निवेशकों की धारणा प्रभावित होने की वजह से भारतीय रुपया मंगलवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 16 पैसे गिरकर 74.55 पर आ गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय में रुपया कमजोर नोट पर 74.48 पर खुला, फिर और गिरकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 74.55 पर आ गया, जिसमें पिछले बंद से 16 पैसे की गिरावट दर्ज की गई। सोमवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 74.39 पर बंद हुआ था। डॉलर सूचकांक 0.01 प्रतिशत बढ़कर 96.55 पर पहुंच गया।

### सोने में बदलाव नहीं, चांदी के दाम गिरे



**नई दिल्ली** । सोमवार के कारोबारी भाव से मंगलवार को सोने के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ। हालांकि चांदी की कीमत में मामूली रूप से कमी दर्ज की गई। दस ग्राम 24 कैरेट सोना 49,280 रुपए पर बिक रहा है। सोमवार के कारोबारी भाव से मंगलवार को सोने के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ। हालांकि चांदी की कीमत में मामूली रूप से कमी दर्ज की गई। दस ग्राम 24 कैरेट सोना 49,280 रुपये पर बिक रहा है, जबकि 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 48,280 रुपए है। सोमवार को चांदी 65,600 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव से कारोबार कर रही थी, जबकि आज चांदी की कीमत थोड़ी कम हुई है। मंगलवार को चांदी 0.02 फीसदी की गिरावट के साथ 65,558 रुपए प्रति किलोग्राम पर बिक रही है।

### चालू वित्त वर्ष में दोपहिया वाहनों की बिक्री घटेगी

**मुंबई** । क्रेडिट रेटिंग एजेंसी इक्रा ने कहा कि घरेलू दोपहिया वाहनों की बिक्री मात्रा के आधार चालू वित्त वर्ष में सालाना आधार पर 1-4 प्रतिशत घट सकती है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि दोपहिया वाहनों की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी, पेट्रोल महंगा होने के साथ ही अन्य कारणों से यह कमी होगी। इक्रा ने कहा कि त्योहारी सत्र के खराब प्रदर्शन ने निम्न आय वर्ग वाली आबादी की खरीद क्षमता के बारे में चेतावनी को भी उजागर किया है। इक्रा रेटिंग्स ने उम्मीद जताई कि त्योहारी सत्र के कमजोर प्रदर्शन के बाद वित्त वर्ष 2021-22 में घरेलू दोपहिया वाहनों की बिक्री मात्रा के आधार पर 1-4 प्रतिशत तक घट जाएगी। वित्त वर्ष 2021-22 की अप्रैल-अक्टूबर अवधि में घरेलू दोपहिया वाहनों की बिक्री 80.5 लाख इकाई रही, जो पिछले साल की समान अव?धि में भी लगभग इतनी ही थी।

## गिरावट के साथ खुले बाजार

# सेंसेक्स 57,700 और निफ्टी 17,327 पर



**मुंबई** । लगातार विदेशी फंडों के बहिर्वाह के बीच प्रमुख कंपनियों इंफोसिस, आईसीआईसीआई बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर गिरने के बीच सेंसेक्स मंगलवार को शुरुआती कारोबार में 700 अंक से अधिक गिर गया। शुरुआती कारोबार में 57,718.34 के निचले स्तर को छूने के बाद 30-शेयर वाला सूचकांक 264.20 अंक की गिरावट के साथ 58,201.69 पर आ गया। इसी तरह निफ्टी 89.05 अंक की गिरावट के साथ 17,327.50 पर कारोबार कर रहा था। शुरुआती कारोबार में यह 17,216.10 तक गिर गया था। सेंसेक्स पैक में सबसे अधिक शेयर इंफोसिस के गिरे, जिसके शेयर में लगभग दो प्रतिशत की गिरावट आई, इसके बाद आईसीआईसीआई बैंक, एचयूएल, बजाज ऑटो, रिलायंस इंडस्ट्रीज और टीसीएस का स्थान रहा। दूसरी ओर टाटा स्टील, पावरग्रिड, बजाज फाइनेंस और आईटीसी के शेयर ऊपर चढ़े। पिछले सत्र में सेंसेक्स 1,170.12 अंक गिरकर 58,465.89 पर और निफ्टी 348.25 अंक गिरकर 17,416.55 पर बंद हुआ था।

### एशियाई बाजारों में मिलाजुला कारोबार

मुंबई । एशियाई बाजारों में मिलाजुला कारोबार देखने को मिल रहा है। एसजीएक्स निफटी 74.50 अंक की गिरावट दिखा रहा है। वहीं निक्केई करीब 0.09 फीसदी की बढ़त के साथ 29,774.11 के आसपास दिख रहा है। वहीं स्ट्रेट टाइम्स में 0.09 फीसदी की कमजोरी दिखा रहा है। ताइवान का बाजार 0.34 फीसदी गिरकर 17,742.57 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। जबकि हैंगसेंग 1.07 फीसदी की गिरावट के साथ 24,684.90 के स्तर पर नजर आ रहा है। वहीं कोस्पी 0.53 फीसदी टूटा है। वहीं शंघाई कम्पोजित 0.22 फीसदी की बढ़त के साथ 3,589.92 के स्तर पर दिख रहा है।

### एसबीआई ने ग्राहकों से कहा

## फर्जी कस्टमर केयर नंबरों से सतर्क रहें

मुंबई । देश के प्रमुख सरकारी बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने अपने ग्राहकों को फर्जी कस्टमर केयर नंबरों से सतर्क रहने के लिए अलर्ट जारी करते हुए एडवाइजरी जारी की है। बैंक ने कहा है कि धोखाधड़ी करने वाले कस्टमर केयर नंबरों से सावधान रहें। सही कस्टमर केयर नंबर जानने के लिए बैंक ने एसबीआई की आधिकारिक वेबसाइट पर विजिट करने की सलाह दी है। आधिकारिक वेबसाइट में जो कस्टमर केयर नंबर मुहैया कराया गया है, उसी का इस्तेमाल करने के लिए कहा गया है। इसके साथ ही बैंक ने अकाउंट होल्डर्स को अपनी पसर्नल जानकारी नहीं शेयर करने के लिए कहा है। एसबीआई ने फर्जी कस्टमर केयर नंबरों से सावधान रहने की सलाह दी है। एसबीआई ने ऑनलाइन धोखाधड़ी करने वालों से बचने के लिए एक वीडियो जारी किया है। जिसमें धोखाधड़ी से बचने के उपाय बताए गए हैं। एसबीआई के मुताबिक ग्राहकों को उन कस्टमर केयर नंबरों से बात नहीं करनी चाहिए, जिनका वेरिफिकेशन नहीं हुआ है। ग्राहकों को कस्टमर केयर नंबरों के लिए बैंक की आधिकारिक वेबसाइट पर विजिट करना होगा। बता दें कि इससे पहले भी एसबीआई ने अपने ग्राहकों को फर्जी कस्टमर केयर नंबर और फर्जी कॉल के बारे में अलर्ट जारी किया था।

## 2 दिसंबर को लांच होगा बाउंस इनफिनिटी इलेक्ट्रिक स्कूटर, मार्च से मिलेगी डिलेवरी

**मुंबई** । बढ़ते पेट्रोल के दाम से अगर परेशान हैं,तब इसका दूसरा विकल्प जल्द ही मिलने वाला है। मार्केट में एक और इलेक्ट्रिक स्कूटर आने वाला है।इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाली कंपनी बाउंस ने अपना पहला इलेक्ट्रिक स्कूटर 2 दिसंबर 2021 को लांच होने के लिए तैयारी कर ली है। नए बाउंस इनफिनिटी स्कूटर की बुकिंग भी लांच के साथ शुरू होगी। कंपनी ने बाउंस इनफिनिटी स्कूटर के लिए बुकिंग राशि 499 रुपये रखी है। कंपनी का कहना है कि ई-स्कूटर की डिलीवरी अगले साल यानी साल 2022 की शुरुआत में होगी। बाउंस इन्फिनिटी एक स्मार्ट, रिमूवेबल ली-आयन बैटरी से लैस होगा। जिसे ग्राहक अपनी सुविधा और जरूरत के मुताबिक, बाहर निकाल कर चार्ज कर सकते हैं। कंपनी ने कहा कि ग्राहक अगर चाहें,तब बैटरी के बिना सस्ती कीमत पर इस ई-स्कूटर को खरीद सकते हैं और बाउंस के एक्सटेंसिव बैटरी स्वैपिंग नेटवर्क का उपयोग कर सकते हैं। कंपनी ने कहा कि इसमें ग्राहकों को सिर्फ बैटरी स्वैप के लिए पैसा देना होगा। जब भी वे बाउंस के स्वैपिंग नेटवर्क से एक खाली बैटरी को पूरी तरह से चार्ज की गई बैटरी से बदलने वाले है। बेंगलुरु की कंपनी ने इससे पहले 22 मोटर्स का अधिग्रहण किया था। इसके तहत 22 मोटर्स के राजस्थान के भिवाड़ी प्लांट का भी अधिग्रहण किया गया था। इस प्लांट में हर साल 1,80,000 स्कूटर बनाने की क्षमता है। यह सौदा करीब 70 लाख डॉलर में हुआ था। इसके अलावा कंपनी ने इसी महीने अपने ई-स्कूटर मैन्युफैक्चरिंग और बैटरी अदला-बदली (बैटरी स्वैपिंग) इन्फ्रास्ट्रक्टर में अगले 12 माह में 10 करोड़ डॉलर का निवेश करने का ऐलान किया था।

## पेट्रोल और डीजल की मांग में आ सकती है कमी : क्रिसिल

**नई दिल्ली** । सीएनजी का इस्तेमाल बढ़ने, पेट्रोल में एथनॉल मिश्रण और इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग की वजह से पेट्रोल और डीजल की मांग पर प्रभाव पड़ सकता है। क्रिसिल रेटिंग्स के मुताबिक चालू दशक में पेट्रोल और डीजल की कुल मांग वृद्धि घटकर सालाना 1.5 फीसदी रहने की संभावना है जबकि पिछले दशक में यह वृद्धि 4.9 फीसदी सालाना रही थी। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि भारत ने 2070 तक शून्य उत्सर्जन के स्तर पर पहुंचने का लक्ष्य बनाया है। इससे सबक लेते हुए तेल रिफाइनिंग कंपनियां पेट्रोकेमिकल जैसे विकल्पों को लेकर अपने उत्पादन मिश्रण में बदलाव करेंगी। क्रिसिल ने कहा कि उनके विश्लेषण से पता चलता है कि उत्सर्जन को नियंत्रित करने की सरकारी पहलों से इस दशक में परिवहन क्षेत्र में तीन बड़े मोर्चों पर असर पड़ेगा। वित्त वर्ष 2025 तक आक्रामक तरीके से सीएनजी और एथनॉल मिश्रण को अपनाने से पेट्रोल की मांग में वृद्धि को घटाने में मदद मिलेगी। उसके बाद इसकी मांग में और



कमी आएगी क्योंकि सड़कों पर इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या तेजी से बढ़ेगी। इन पहलों से आने वाले वर्षों में डीजल और पेट्रोल की बिक्री में भारी कमी आएगी। क्रिसिल ने कहा ?कि डीजल खपत वित्त वर्ष 2022 से वित्त वर्ष 2025 के बीच करीब 4 फीसदी चक्रवृद्धि सालाना वृद्धि (सीएजीआर) से बढ़ेगी लेकिन वित्त वर्ष 2025 से वित्त वर्ष 2030 के बीच सीएनजी वाहनों की संख्या में इजाफा होने के कारण करीब 2.5 फीसदी की कमी आएगी। सबसे बड़ी गिरावट पेट्रोल की बिक्री में नजर आएगी। पेट्रोल की खपत वित्त वर्ष 2022 से वित्त वर्ष 2025 के बीच 2 फीसदी सीएजीआर से बढ़ेगी और वित्त वर्ष 2025 से वित्त वर्ष 2030 के बीच यह वृद्धि घटकर एक फीसदी सीएजीआर की रह जाएगी। रिफाइनिंग कंपनियों ने प्रति वर्ष 4 से 6 करोड़ टन क्षमता वृद्धि की योजना बनाई हुई है। इसके अतिरिक्त वित्त वर्ष 2030 तक करीब 11 करोड़ टन की

## जन्मदर से परेशान चीन

दुनिया की सबसे ज्यादा आबादी वाला देश चीन, इन दिनों बर्थ रेट में भारी गिरावट का सामना कर रहा है। ग्लोबल टाइम्स ने नेशनल ब्यूरो ऑफ स्टैटिस्टिक्स की रिपोर्ट जारी की है। इसके मुताबिक, चीन में बच्चों की जन्म दर 2020 में 1 फीसदी से भी कम हो गई है, ये 43 साल में सबसे कम है। अगर यही ट्रेंड जारी रहता है और जनसंख्या कम होती है, तो चीन दुनिया का सबसे अमीर देश बनने से पहले ही बूढ़ा हो सकता है। नए आंकड़ों से चीन में जनसंख्या से जुड़ी परेशानियों का पता चलता है। चीन की सिविल अफेयर्स मिनिस्ट्री के आंकड़ों के मुताबिक, 2021 की पहली 3 तिमाहियों में यहां 58.8 लाख शादियां हुई थी। जो 2019 की तिमाही की तुलना में 17.5 फीसदी कम हैं। यहां 2020 में नवजात शिशु दर 15 फीसदी गिर गई थी। यहां 2020 में करीब 1.03 करोड़ बच्चों ने जन्म लिया था। 2019 में यह संख्या 1.17 करोड़ थी। यह मुद्दा दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के लिए एक गंभीर खतरा पैदा कर सकता है, क्योंकि काम करने वाले लोगों की उम्र रिटायरमेंट के करीब पहुंच रही है। रिसर्चर्स का कहना है कि, बच्चों को जन्म देने वाली महिलाओं की संख्या में कमी की वजह से ऐसा हो रहा है। कोरोना की वजह से जन्म लेने बच्चों की संख्या घटी है। चीन लगातार घट रही युवाओं की संख्या और तेजी से बूढ़ी हो रही आबादी की वजह से परेशान है। 2020 में चीन में प्रति हजार लोगों पर बर्थ रेट 8.52 है। 2019 में यह आंकड़ा 10.48 था। बर्थ रेट कुल जनसंख्या में जन्मे बच्चों की संख्या है।चीन में बर्थ रेट कई सालों लगातार गिरती जा रही है। चीन ने इस साल मई में विवाहित जोड़ों को अधिकतम 3 बच्चे पैदा करने की अनुमति देकर पुरानी फैमिली प्लानिंग पॉलिसी को हटाने की घोषणा की थी। यह नियम 4 साल तक देश के नवजात शिशुओं की संख्या में गिरावट देखने के बाद लाया गया था। इससे पहले चीन ने 2016 में वजह से यहां 1970 से चल रही वन चाइल्ड पॉलिसी में बदलाव किया था। चीन के नागरिक मामलों के मंत्री ली जिहेंग ने कहा है कि देश की कुल जन्म दर चेतावनी रेखा से नीचे चली गई है और जनसांख्यिकी विशेषज्ञों ने आगाह किया है कि देश की जनसंख्या में जल्द ही गिरावट आनी शुरू हो सकती है। चीन में दशकों तक चली एक बच्चे की नीति को साल 2016 में खत्म करके दूसरे बच्चे को जन्म देने की अनुमति दे दी गई थी। बुजुर्ग लोगों की बढ़ती आबादी के चलते चीन जनसांख्यिकी संकट का सामना कर रहा है। जनसांख्यिकी विशेषज्ञों ने सरकार से सीमित जनसंख्या नियंत्रण नीति पर पुनर्विचार करने की अपील की है। साथ ही उन्होंने सरकार से बिना विवाह के बच्चे पैदा करने के प्रति और अधिक सहनशील रुख अपनाने तथा उनकी पालन-पोषण एवं शिक्षा पर होने वाले खर्च को और अधिक सस्ता बनाने का भी अनुरोध किया है। सरकार द्वारा संचालित ग्लोबल टाइम्स की खबर के अनुसार ली ने एक लेख में कहा कि विभिन्न कारकों के प्रभाव के चलते चीन के लोग बच्चे पैदा करने में कम रुचि दिखा रहे हैं। कुल जन्म दर चेतावनी रेखा से नीचे चली गई है और जनसंख्या वृद्धि दर महत्वपूर्ण मोड़ पर पहुंच गई है।

# पुलिस आयुक्त प्रणालीः प्रबल इच्छाशक्ति से होगा अमल

**डॉ अजय खेमरिया**

मप्र के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की इस बात के लिए सराहना की जाना चाहिए कि उन्होंने भारतीय शासन तंत्र के सबसे ताकतवर दबाव को दरकिनार कर इंदौर और भोपाल जैसे महानगरों में पुलिस आयुक्त प्रणाली अप्रैल 2022 से लागू करने का निर्णय ले लिया है। प्रदेश के इन दो महत्वपूर्ण शहरों में अब पुलिस कमिश्नर होंगे इससे पहले 11 राज्यों के 74 शहरों में यह सिस्टम काम कर रहा है।इसलिये कहा जा सकता है कि इस निर्णय में नया क्या है?असल में पुलिस कमिश्नर प्रणाली भारत में सबसे ताकतवर कही जाने वाले आइएएस बिरादरी के परम्परागत और सामन्ती प्रभुत्व को चुनौती देने वाली प्रशासनिक व्यवस्था है।पूरी दुनियां में भारत की आईएएस बिरादरी को सबसे ताकतवर के साथ जड़,और परम्परागत माना जाता है।आजाद ÷भारत में शासन और राजनीति÷का अनुभव इस मान्यता को स्वयंसिद्ध करता है।वस्तुतः यह सामान्य धारणा है कि आइएएस ही भारत को चलाते हैं।ऐसे में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री के रूप में इस लॉबी के अधिकारों को सीमित करने और उन्हें आईपीएस संवर्ग में हस्तांतरित कर बिरली राजनीतिक इच्छाशक्ति का प्रदर्शन किया है।इस प्रणाली को रोकने के लिए आईएएस लॉबी हर राज्य में समवेत होकर सक्रिय होती रही है। मप्र में इससे पहले भी कमिश्नर सिस्टम की चार बार घोषणा हो चुकी है लेकिन अमल अभी तक नही हो पाया है तो इसके पीछे आइएएस अफसरों का दबाब ही मुख्य है। इस आयुक्त प्रणाली को हमेशा ही आईएएस लॉबी के कड़े प्रतिरोध का सामना करना पड़ा है। उत्तरप्रदेश का एक रोचक किस्सा है जो इस प्रणाली की आईएएस वर्ग के लिए अहमियत को अबताता है। 40 साल पहले 1979 में तत्कालीन मुख्यमंत्री रामनरेश यादव ने कानपुर शहर के लिए पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू की थी लेकिन तबके पुलिस कमिश्नर को कानपुर पहुँचते ही वापिस बुला लिया गया था। मुख्यमंत्री पर लखनऊ में आइएएस लॉबी ने इतना दबाब बना दिया था कि उन्हे मजबूर होकर कमिश्नर नियुक्त किये गए श्री त्रिपाठी को फ़ोन लगाकर ज्वाइनिंग से पहले ही वापिस बुलाना पड़ा।मायावती को अफ़सरशाही के विरुद्ध सख्त मिजाज सीएम गिना जाता है लेकिन वह भी इस मामले में निर्णय नही कर सकीं।अखिलेश यादव ने 2017 में अपने कार्यकाल के अंतिम दौर में इस आशय के प्रस्ताव को आगे बढ़ाने की कोशिशें की थी। लेकिन वह भी सफल नही हुए।असल में अभी तक का अनुभव भी इस मामले में आइएएस की अपरिमित ताकत और मनमर्जी की तस्दीक करते है।मप्र के ताकतवर सीएम रहे दिग्विजय सिंह ने 14 मई 2001 को प्रदेश के दो बड़े शहर इंदौर और भोपाल में पुलिस कमिश्नर सिस्टम लागू करने की घोषणा की लेकिन वह ढाई साल तक इसे लागू नही कर पाए और 2003 में सत्ता से बाहर हो गए।

28 फरवरी 2012 को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कमिश्नर सिस्टम लागू करने का एलान किया था लेकिन अपने इस दूसरे कार्यकाल में वह इसे आगे नही बढ़ा पाए।तीसरे कार्यकाल में जनवरी 2018 में भी शिवराज सिंह ने इंदौर ,भोपाल में नए पुलिस कमिश्नर की नियुक्ति की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया। लेकिन सरकार प्रदेश में ताकतवर आईएएस लॉबी के आगे फिर इसे लागू नही करा सकी।बहुमत और राजनीतिक ताकत के मामले में दिग्विजय सिंह और शिवराज सिंह प्रदेश के चुनौती शून्य सीएम कहे जा सकते।हरियाणा में हुड्डा,और ओडिशा में नवीन पटनायक के समक्ष भी ऐसी ही परिस्थितियां निर्मित हुई।समझा जा सकता है कि हमारे तंत्र में आईएएस की ताकत किस व्यापकता से निर्वाचित निकाय को ऑक्टोपशी शिकंजे में जकडे हुए।

फ़िलहाल भोपाल और इंदौर में अगर यह प्रयोग लागू होता है तो यह समय की आवश्यकता भी है।जैसा कि सीएम खुद कह रहे है कि बढ़ते



शहरीकरण की बहुआयामी चुनौतीयां है जिनके मद्देनजर इस सिस्टम की आवश्यकता महसूस की जा रही है।पुलिस आयुक्त प्रणाली लागू होते ही इंदौर,भोपाल में कुछ दाण्डिक ताकतों का प्रयोग अब डीएम की जगह पुलिस कमिश्नर करेंगे।वे दंगा ,बलबा,या शान्ति भंग की मैदानी स्थिति में धारा 144 के लिए डीएम के मोहताज नही होंगे। धारा151,107,116,109,110 के तहत अपराधियों की जमानत लेंगे।आर्म्स एक्ट,आबकारी, बिल्डिंग परमिशन जैसे काम भी खुद करेंगे।अफवाह तंत्र के विरुद्ध इंटरनेट शट डाउन के लिए भी वे खुद सक्षम होंगे।इस सिस्टम के तहत संभव हो पुलिस महानिरीक्षक स्तर के अधिकारी इंदौर और भोपाल के पुलिस कमिश्नर बनाएं जाएं।इंदौर इस समय भारत का मिनी मुंबई कहा जाता है । वहाँ कानून व्यवस्था वाकई संवेदनशील विषय है।कमोबेश भोपाल भी प्रदेश की राजधानी के साथ एक संवेदनशील शहर है। पुलिस कमिश्नर सिस्टम मूलतः अंग्रेजी राज के अवशेषों में ही एक है ।पहले यह प्रेसिडेंसी शहरों यानी मुबई,मद्रास,कोलकाता में लागू रहता था।भारतीय पुलिस अधिनियम 1861 कानून व्यवस्था के कुछ मामलों को विनियमित करने की शक्तियां डीएम को देता है जो कि पहले आईसीएस और बाद में आइएएस हो गए है।आईएएस अफसर अपनी दाण्डिक शक्तियों को एसडीएम के पास प्रत्यायोजित करते है।इसलिये जिलाबदर,गैंगस्टर,जैसे मामलों में पुलिस की भूमिका नगण्य रहती है।इसे जिला बदर की कारवाई से समझा जा सकता है।किसी कुख्यात अपराधी का आतंक जब थाना क्षेत्र से निकलकर विस्तारित होने लगता है तब पुलिस ऐसे अपराधियों के विरुद्ध जिला बदर की कारवाई प्रस्तावित कर डीएम/कलेक्टर को भेजती है।डीएम ऐसे प्रकरणों को अपने यहां दर्ज कर बकायदा सुनवाई और पक्ष समर्थन की प्रक्रिया अपनाकर एसपी के प्रस्ताव पर निर्णय करते है।अक्सर देखा गया है कि डीएम राजनीतिक या अन्य दबाब में आकर इन प्रकरणों को लंबे समय तक लटकाए रखते है। पुलिस कमिश्नर प्रणाली में यह अधिकार कलेक्टर्स से छीन जाते है और कमिश्नर जिला बदर और गैंगस्टर एक्ट में सीधे निर्णय करने लगते है।जिला बदर अपराधी नियत समयावधि तक न केवल गृह जिले बल्कि उसके सभी सीमावर्ती जिलों में नही रह सकता है।कमिश्नर कार्यक्षेत्र में आर्म्स लाइसेंस भी कलेक्टर नही कमिश्नर देते है अभी जिलों के एसपी कलेक्टर को अपनी सिफारिश भेजते है कि फलां व्यक्ति को हथियार लाइसेंस दिया जाए या नही।धरना प्रदर्शन के दौरान कानून और सुरक्षा व्यवस्था बनाने का काम पुलिस के जिम्मे रहता है लेकिन इनकी अनुमतियाँ सबंधित एसडीएम जारी करते है।कमिश्नर प्रणाली में यह अधिकार भी राजस्व अफसरों से छीन लिया जाता है।बड़े शहरों में यातायात को निर्बाध बनाने के लिए पुलिस को बड़ी मशक्कत करनी होती है अक्सर अतिक्रमणकारियों के आगे पुलिस लाचार नजर आती है।कमिश्नर सिस्टम के चलते नगर निगम प्रशासन को न्यायिक आदेश जारी करने के अधिकार पुलिस को मिल जाते है।पुलिस कमिश्नर जमीनों और अतिक्रमण के मामलों में भी पटवारियों या दूसरे मैदानी राजस्व कर्मियों को एक्जीक्यूटिव मैजिस्ट्रेट की तरह आदेश जारी करते है।जाहिर है यह आईएएस अफसरों की ताकत में आईपीएस की सेंधमारी है।इस सबके बाबजूद यह भी ध्यान रखना होगा कि पुलिस और आम आदमी के रिश्ते आज भी भरोसे के नही भय के धरातल पर है।ऐसा न हो कि कमिश्नर सिस्टम इस भय को और बड़ा कर दे।

## ईश्वर का स्वरूप क्या है?

**पहले अपने स्वरूप को जानों**
**एक महात्मा से किसी ने पूछा- ईश्वर का स्वरूप क्या है?**
**महात्मा ने उसी से पूछ दिया-तुम अपना स्वरूप जानते हो?**
**वह बोला- नहीं जानता।**

तब महात्मा ने कहा- अपने स्वरूप को जानते नहीं जो साढ़े तीन हाथ के शरीर में मैं-मैं कर रहा है और संपूर्ण विश्व के अधिष्ठान परमात्मा को जानने चले हो। पहले अपने को जान लो, तब परमात्मा को तुरंत जान जाओगे। एक व्यक्ति एक वस्तु को दूरबीन से देख रहा है। यदि उसे यह नहीं ज्ञान है कि वह यंत्र वस्तु का आकार कितना बड़ा करके दिखलाता है, तो उसे वस्तु का आकार कितना बड़ा करके दिखलाता है, तो उसे वस्तु के सही स्वरूप का ज्ञान कैसे होगा? अतः अपने यंत्र के विषय में पहले जानना आवश्यक है। हमारा ज्ञान इन्द्रियों के द्वारा संसार दिखलाता है। हम यह नहीं जानते कि वह दिखाने वाला हमें यह संसार यथावत ही दिखलाता है या घटा-बढ़ाकर या विकृत करके दिखलाता है। गुलाब को नेत्र कहते हैं- यह गुलाबी है। नासिका कहती है- यह इसमें एक प्रिय सुगंध है। त्वचा कहती है- यह कोमल और शीतल है। चखने पर मालूम पड़ेगा कि इसका स्वाद कैसा है। पूरी बात कोई इंद्री नहीं बतलाती। सब इन्द्रियां मिलकर भी वस्तु के पूरे स्वभाव को नहीं बतला पातीं।

# उत्तराखंड में विधान परिषद की कवायद!

**डॉ श्रीगोपाल नारसन**

उत्तराखंड के सर्वमान्य नेता हरीश रावत ने 70 विधानसभा सीटों के राज्य उत्तराखंड में 21 सीटों वाली विधान परिषद गठित करने की मंशा जाहिर की है,ताकि उत्तराखंड में राज्य के जन्म के बाद से व्याप्त राजनीतिक अस्थिरता को रोका जा सके।उन्होंने राज्य गठन के बाद से ही इसकी सम्भावनाओ पर अपने विचार व्यक्त किए थे,लेकिन सत्ता नेतृत्व में कम से रह पाने के कारण उनका यह सपना अभी तक साकार नही हो पाया है।अब सन 2022 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस सत्ता प्राप्त करती है तो राज्य में विधान परिषद का गठन हो सकता है।अविभाजित उत्तरप्रदेश के समय पर्वतीय क्षेत्र की उम्मीदों और आकांक्षाओं को पूरा होने मे आ रहे अवरोधों से निजात पाने के लिए ही उत्तराखंड राज्य बना है। फिर भी पिछले 21 सालों में पर्वतीय क्षेत्र की उपेक्षित जनता की उम्मीदों-आकांक्षाओं की पूर्ति नही हो पाई।अलबत्ता राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं के पंख खूब लगे और जो लोग ग्राम प्रधान बनने लायक नही थे ,वे विधानसभा तक पहुंचने में कामयाब हो गए।अधिकारियों की प्रोन्नति भी पंख लगने जैसी ही हुई। अब 21 साल बाद एक बार फिर विधानसभा चुनाव से पूर्व राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने राज्य में राजनीतिक अस्थिरता को दूर करने के लिए 21 सदस्यीय विधान परिषद गठन का सुझाव राज्य के सामने प्रस्तुत किया है। हरीश रावत सन 2002 में भी विधान परिषद के गठन का विचार दिया था।लेकिन तत्कालीन मुख्यमंत्री नारायण दत्त तिवारी उक्त मुद्दे पर मौन रहे।इसी कारण राज्य में उस समय विधान परिषद नही बन सकती।भाजपा की तो इस ओर इच्छा शक्ति कभी रही ही नही। क्या वाकई विधान परिषद बनाने से राजनीतिक अस्थिरता रुक जाएगी और विकास का पहिया तेज चलने लगेगा? या फिर विधान परिषद के गठन का उद्देश्य सिर्फ इतना है कि राजनीतिक दलों के जो नेता विधायक बनने से रह गए या कहीं एडजेस्ट होने से रह गए,उन नेताओं के लिए विधान परिषद बनेगी? पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत का कहना हैं कि उत्तराखंड जैसे राज्य में



12 मंत्री ही बनाए जा सकते हैं लेकिन राज्य में विभाग बड़े राज्यों की तरह ही सारे के सारे होते हैं। ज्यादा विभाग तुलनात्मक रूप से कम मंत्रियों को संभालने पड़ते हैं जिससे जनता के विकास की गाड़ी की रफ्तार धीमी पड़ जाती है।

वास्तव में सियासत की अति महत्वाकांक्षाओं ने सूबे के हालात बदतर कर डाले है।एक ही सत्र में तीन तीन मुख्यमंत्रियों का बदलना राज्य के विकास को डुबो रहा है।तभी तो मात्र बीस साल में 11वे मुख्यमंत्री राज्य पर थोप दिए गए।नेताओं की महत्वाकांक्षाओं और एक-दूसरे को गिराकर हर हाल में सत्ता हथियाने के सियासी षड्यंत्रों ने जनता को अस्थिरता दी है। विधान परिषद के प्रस्ताव पर हरीश रावत के ही शब्दों में उनके विचार,÷एक बिंदु विचारार्थ बार-बार मेरे मन में आता है कि उत्तराखंड में राजनैतिक स्थिरता कैसे रहे! राजनैतिक दलों में आंतरिक संतुलन और स्थिरता कैसे पैदा हो! जब स्थिरता नहीं होती है तो विकास नहीं होता है, केवल बातें होती हैं। मैं पिछले 21 साल के इतिहास को यदि देखता हूँ तो मुझे लगता है कि उत्तराखंड के अंदर राजनैतिक अस्थिरता पहले दिन से ही हावी है। उत्तराखंड में प्रत्येक राजनैतिक दल में इतने लोग हैं कि सबको समन्वित कर चलना उनके लिये कठिन है और कांग्रेस व भाजपा जैसे पार्टियों के लिए तो यह कठिनतर होता जा रहा है। केंद्र सरकार का यह निर्णय कि राज्य में गठित होने वाले मंत्रिमंडल की संख्या कितनी हो, उससे छोटे राज्यों के सामने और ज्यादा दिक्कत पैदा होनी है। अब उत्तराखंड जैसे राज्यों में मंत्री 12 बनाए जा सकते है, मगर विभाग तो सारे हैं जो बड़े राज्यों में है, सचिव भी उतने ही हैं जितने सब राज्यों में हैं। मगर एक-एक मंत्री, कई-2 विभागों को संभालते हैं, किसी में उनकी रूचि कम हो जाती है तो किसी में ज्यादा हो जाती है और छोटे विभागों पर मंत्रियों का फोकस नहीं रहता है और उससे जो छोटे विभाग हैं उनकी ग्रोथ पर विपरीत असर पड़ रहा है, जबकि प्रशासन का छोटे से छोटा विभाग भी जनकल्याण के लिए बहुत उपयोगी होता है तो मैंने कई दृष्टिकोण से सोचा और मैंने पाया कि उत्तराखंड जैसे राज्य के अंदर हमें कोई न कोई रास्ता ऐसा निकलना पड़ेगा।

# इंसानियत की कसौटी पर खरे उतरे शंटी

**सूडोकु नवताल- 5901** ★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

**सूडोकु नवताल -5900 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |

**अरुण नैथानी**

सचमुच वह भयावह काल था जब अपने अपनों से बचने लगे थे। पड़ोसी और रिश्तेदार तो दूर, खून के रिश्ते भी अपनों से मुंह फेरने लगे थे। एक अनजानी महामारी से भय का वातावरण। महामारी के दायरे से सामान्य दिनों में चरमराने वाली चिकित्सा व्यवस्था कहां इन लाखों मरीजों का बोझ उठाती। ऐसे में मरीजों को अस्पताल ले जाना और लाना भी मुश्किल काम था। फिर जब महामारी पूरी लय में आई तो लाशों तक की बेकद्री शुरू हुई। गाल बजाने वाले नेता कहीं नहीं दिखाई दिये। जनप्रतिनिधि अपनी सुरक्षित मांदों में थे। उस वक्त कुछ संस्थाएं और इंसानियत के जुनूनी लोग मदद को निकले भी। ऐसा नहीं अस्पताल से लेकर सार्वजनिक जीवन में तमाम ऐसे लोग कोरोना योद्धा देश में काम कर रहे थे। इन्हीं में उल्लेखनीय हैं जितेंद्र शंटी। शहीद भगत सिंह के समाज उत्थान के लिये जुनून से प्रेरित होकर करीब पच्चीस साल से सेवा का लंगर चला रहे हैं शंटी। उनके और उनकी टीम के योगदान को पिछले दिनों नागरिक सम्मान दिया गया। यूं तो घोषणा पिछली जनवरी में हो गई थी, लेकिन फिर कोरोना की दूसरी लहर आ गई। पद्मश्री की घोषणा हुई तो उन्हें लगा उनकी जिम्मेदारी फिर कसौटी पर आई है। कुछ सतही सोच के लोगों ने कहा भी कि अब तो पद्मश्री मिल गया है क्यों श्मशान घाट के चक्कर लगा रहे हो। तब शंटी का कहना था कि भगत सिंह ने 23 साल की उम्र में शहादत दे दी, तो हम इस उम्र में क्यों नहीं कुछ कर गुजरते। वैसे तो पहली कोरोना की लहर में भी शहीद भगत सिंह सेवा दल ने सेवा का जुनून दिखाया। लेकिन दूसरी लहर ज्यादा मारक थी। महामारी का दायरा बड़ा था। शुरुआत में शंटी की संस्था रक्तदान शिविर लगाती थी। वे खुद भी 102 बार रक्तदान कर चुके हैं। फिर मरीजों को ले जाने और अस्पताल से लाने के लिये एंबुलेंस सेवा की शुरुआत हुई। कारवां बढ़ता गया। कोरोना की दूसरी लहर में तो उनकी 18 एंबुलेंस दौड़ रही थी। महामारी ने शंटी को भी नहीं बख्शा वे खुद, उनका बच्चा और पत्नी भी कोरोना की चपेट में आये। लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और ठीक होकर भी सेवा में जुट गये। उनके एक जांबाज एंबुलेंस चालक पचपन वर्षीय आरिफ खान की मौत कोरोना से हो गई। लेकिन उनका व टीम का उत्साह कम नहीं हुआ। करीब उन्नीस हजार लोगों को उनकी एंबुलेंस ने अस्पताल व घर पहुंचाया।

ऐसे वक्त में जब अपने रक्त संबंध के लोग भी अपनों के शवों को अंतिम विदाई देने से कतरा रहे थे या पूरा परिवार ही कोरोना संक्रमण की चपेट में था, तो शहीद भगत सिंह सेवा दल के जांबाज मैदान में डटे थे। उन्हें रोज चालीस-पचास फोन मदद के लिये आते। कभी-कभी तो कनाडा, अमेरिका, आस्ट्रेलिया से लोगों के फोन आते कि हमारे परिजनों को अस्पताल पहुंचा दो, अंतिम संस्कार कर दो, हम पैसे देने को तैयार हैं। शंटी बताते हैं कि उनकी संस्था ने करीब चार हजार लोगों का अंतिम संस्कार किया। इस कार्य में संगठन के स्वयं सेवकों के साथ उनका बेटा व पत्नी भी शामिल होते। पीपीए किट व कई मास्क लगाकर वे अनजान लोगों को अंतिम विदाई देते। सैकड़ों ऐसे लोग भी थे, जिनका कोई आगे-पीछे न था। वे दुख जताते हैं कि करीब 967 शव ऐसे थे जिन्हें लोग श्मशान घाट के गेट पर छोड़ गये। यह बड़ा मुश्किल वक्त था, बेटे-बेटियां संक्रमित न हो जायें, इस भय से अपने मृत परिजनों को दूर से नमस्कार करके खिसक जाते थे। कई संतानें तो ऐसी थीं कि वे शव से कीमती सामान, नकदी, मोबाइल और जेवर निकालने को प्राथमिकता देते थे। क्या इन सामानों के जरिये संक्रमण नहीं फैल सकता था? इस दौरान कई ऐसे घटनाक्रमों से शंटी रूबरू हुए कि उन्होंने बार-बार मानवता को मरते देखा। कई घरों में लाशें पड़ी होती थीं और डर के मारे कोई रिश्तेदार व पड़ोसी उन्हें अंतिम संस्कार के लिये नहीं ले जाते थे। हमें उठाने के लिये फोन आते। कभी विदेशों से कि हमारे परिजनों को अंतिम विदाई दे दो। हमारा मानना था कि व्यक्ति की अंतिम विदाई गरिमामय होनी चाहिए। इतना ही नहीं शंटी की टीम का दावा है कि उनकी संस्था ने चौदह हजार लोगों की अस्थियां सम्मान के साथ विसर्जित की। एक घटना का जिक्र करते हुए शंटी बताते हैं कि जब वे एक शव को लेकर उसके घर गये तो बच्चों ने उनकी जेब से सारे पैसे निकाल लिये। उन्होंने मुझे ड्राइवर समझकर पैसे देने चाहे, तो मैंने उनसे कहा कि हम तो ये काम सेवा के लिये करते हैं, पैसे नहीं लेते। तब एक भाई दूसरे से बोला ये तो पागल है, ये पैसे हम बांट लेते हैं। एक किस्सा वे और बयां करते हैं कि दिल्ली में 800 गज की कोठी में रहने वाले एक धनी व्यक्ति की मौत हुई तो उनका शव लेने कोई परिवार का सदस्य नहीं आया।

## भूख की हूक

तरक्की और विकास के तमाम दावों के बीच यदि सुप्रीम कोर्ट को यह कहना पड़े कि भूख से एक भी मौत न हो, यह सुनिश्चित करना लोक कल्याणकारी सरकारों का दायित्व है और अगर आप भूख का समाधान देना चाहते हैं तो कोई संविधान, कोई कानून आपको मना नहीं करेगा, तो निस्संदेह यह सरकारों को असहज करने वाला है। विडंबना ही है कि आजादी का अमृत महोत्सव मनाते देश में भूख से जूझते लोगों के बाबत अदालत को निर्देश देने की जरूरत पड़ी। निस्संदेह, भूख का खात्मा सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। यदि सरकारें कठघरे में खड़ी होती हैं तो इसका मतलब सब कुछ ठीक-ठाक नहीं है। वैसे तो केंद्र व राज्य सरकारों द्वारा इस दिशा में कई पहल हुई हैं। पहले से ही कई ऐसी योजनाएं चल रही हैं। लेकिन सार्वजनिक वितरण प्रणाली की खामियों के चलते वंचित समाज को इसका लाभ नहीं मिल रहा है। निस्संदेह, कोरोना महामारी ने इस स्थिति को विकट बनाया है। गरीबी दूर करने में दशकों से हासिल सफलता को हमने एक झटके में गंवा दिया और करोड़ों लोग फिर गरीबी की दलदल में धंस गये। हालांकि इस दौरान सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत अस्सी करोड़ लोगों को प्रतिमाह पांच किलो मुफ्त अनाज बांटने का दावा किया है। यह योजना अभी भी जारी है। लेकिन एक बड़ा तबका ऐसा है, जिसने कोरोना संकट के चलते क्रय शक्ति गंवायी है। बड़ी संख्या ऐसे बेरोजगारों की है, जिनका काम पुनः आरंभ नहीं हो पाया। उस पर ग्लोबल हंगर इंडेक्स की वह रिपोर्ट परेशान करती है, जिसमें दुनिया के 116 देशों की सूची में भूख के संकट से जूझने वाले देशों में भारत का स्थान 101वां है। जबकि बीते साल यह स्थिति 94वें स्थान पर थी। तब खराब लगता है जब रिपोर्ट पाकिस्तान, नेपाल व भारत को बेहतर स्थिति में दिखाती है। यद्यपि भारत की आबादी के हिसाब से इस तुलना का कोई औचित्य नहीं है। वैसे तो भारत सरकार ने इस रिपोर्ट के आंकड़े जुटाने के तौर-तरीकों पर सवाल उठाये हैं। वैश्विक भुखमरी सूचकांक की कार्यप्रणाली को अवैज्ञानिक बताया है। यह बात स्पष्ट होनी चाहिए कि आंकड़े जुटाने वाली एजेंसी भुखमरी की बात कर रही है या कुपोषण की। फिर भी आंकड़े सत्ताधीशों को आईना तो दिखाते ही हैं कि इससे जुड़े वास्तविक आंकड़े सामने आयें और केंद्र व राज्य सरकारें इस दिशा में गंभीरता से प्रयास करें। आखिर क्यों हर बार शीर्ष अदालत को इस दिशा में हस्तक्षेप करने को बाध्य होना पड़ता है।

# सदस्यता अभियान एवं जन जागरण यात्रा को लेकर कांग्रेस की बैठक आयोजित




**मुरैना।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर संपूर्ण मध्यप्रदेश के साथ मुरैना जिले में सदस्यता अभियान एवं जन जागरण यात्रा के लिए शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा मंगलवार को बैठक आयोजित कर विधायक, प्रदेश पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कांग्रेस जनों को प्रभारी नियुक्त किया गया। शहर जिला कांग्रेस कार्यालय पर सदस्यता अभियान एवं जन जागरण कार्यक्रम को लेकर ब्लॉक अध्यक्ष प्रदेश पदाधिकारी गण एवं वरिष्ठ कांग्रेसियों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें तमाम मंडल अध्यक्ष एवं सेक्टर अध्यक्ष भी उपस्थित रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि शहर में स्थित 47 वार्डों के बूथ के आधार पर विधायकगणों को भी उस समिति में प्राथमिकता से रखा जावे, जिससे विधायकों की देखरेख में सदस्यता अभियान एवं जन जागरण अभियान सुचारू रूप से चलाया जा सके। शहर के तीनों विधायक रविंद्र सिंह तोमर, राकेश मावई एवं अजब सिंह कुशवाह तथा प्रदेश पदाधिकारी किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुर्जर, प्रदेश महासचिव भगवान सिंह तोमर, राकेश यादव, जसवीर गुर्जर, वीरेंद्र हर्षाना, मदन शर्मा, मनीष उपाध्याय, राम लखन डण्डोतिया आदि को भी अलग- अलग बूथ का प्रभारी नियुक्त किया गया है। ब्लॉक कांग्रेस मुरैना उत्तर के अध्यक्ष विक्रम राज मुद्गल, ब्लॉक दक्षिण के अध्यक्ष अब्दुल रज्जाक पटेल, ब्लॉक सुमावली के अध्यक्ष राम कुमार पाराशर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सराय छोला के अध्यक्ष राकेश परमार एवं नवीन प्रस्तावित ब्लॉक मुरैना पश्चिम के प्रभारी राजकुमार कुशवाह को अपने-अपने ब्लॉकों में जन जागरण पर यात्रा निकालने एवं सदस्यता अभियान को चलाने की जिम्मेदारी दी गई है। इस अवसर पर शहर कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा, राजेंद्र यादव, सुभाष सिकरवार, कौशल पंडित, परमानंद शर्मा, विनोद शर्मा, प्रमोद शर्मा हुसैनपुर, गौरव यादव पूर्व पार्षद, नारायण तोमर, शशि सक्सेना, लक्ष्मी दिनकर, हरीश पाठक, हरिओम राजोरिया सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# नकली दूध बनाने वाली डेयरी पर छापा, दूध एवं केमिकल जप्त



**मुरैना।** जिला प्रशासन एवं खाद विभाग द्वारा मिलावटी दूध खोआ पनीर आदि पर लगातार कार्रवाई के बावजूद मिलावट का कारोबार रुकने का नाम नहीं ले रहा। मंगलवार को खाद्य विभाग की टीम ने बागचीनी थाना क्षेत्र के नंदगांगुली गांव में एक डेयरी पर छापा मारकर 600 लीटर नकली दूध एवं दूध बनाने का केमिकल बरामद कर आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। जिले में नकली दूध खोवा पनीर का काम एक बार फिर तेज गति से शुरू हो गया है और जगह-जगह डेरी संचालित हो रही हैं। प्रशासन के निर्देश पर खाद विभाग की टीम प्रतिवर्ष तमाम कार्रवाईयां करती हैं, लेकिन फिर भी मिलावट को इस कारोबार को बंद नहीं कर रहे और आम जनता एवं नौनिहालों के जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं। सख्त कार्यवाही के अभाव में मिलावट को हर बार बच कर निकल जाते हैं। खाद्य निरीक्षक धर्मेंद्र जैन को सूचना मिली कि बागचीनी थाना क्षेत्र के नंदगांगुली में नकली दूध बनाने का कार्य किया जा रहा है।उक्त सूचना पर से खाद्य विभाग की टीम ने मंगलवार की दोपहर छापा मारकर मौके से 600 लीटर नकली दूध,आरएम केमिकल 35 लीटर, दूध बनाने के पाउडर के कट्टे, हाइड्रोजन पेरोक्साइड 12 लीटर सहित कई घातक केमिकल बरामद किए हैं। खाद्य विभाग की टीम ने डेयरी संचालक मोहन शर्मा के विरुद्ध कार्यवाही की है और आगे की कार्यवाही के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को लिखा जा रहा है।

# पेंशन प्राप्त कर रहे हितग्राहियों का किया जा रहा है भौतिक सत्यापन

## कार्य में लापरवाही बरतने पर पांच कर्मचारियों का एक सप्ताह का काटा वेतन



**मुरैना।** नगर निगम मुरैना द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजना के तहत पेंशन प्राप्त कर रहे सभी हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन जीवाजी गंज स्थित टाउन हाल में शासन के निर्देशानुसार किया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त संजीव जैन द्वारा इस कार्य हेतु दल गठित कर नगर निगम के अधिकारी कर्मचारियों को अलग-अलग वार्ड हेतु लक्ष्य आवंटित किए है। आयुक्त श्री जैन द्वारा मंगलवार को जब इस संबंध में समीक्षा की गई तो सोनू आदिवासी प्रभारी सफाई दरोगा, अशोक सिकरवार प्रभारी लिपिक, विजय धोलकर एसआई, दिलखुश सहरिया सफाई दरोगा, रवि टैगोर रोजगार सहायक के द्वारा लक्ष्य से कम कार्य किया जाना पाया गया। जिस पर से नाराजगी जाहिर करते हुए आयुक्त श्री जैन ने पांचो कर्मचारियों का एक सप्ताह के वेतन काटने के निर्देश संबंधित को दिए, साथ ही सभी को चेतावनी देते हुए कहा कि यह कार्य अति महत्वपूर्ण है, इसे शत-प्रतिशत समय सीमा में पूर्ण करें। इस दौरान जिस कर्मचारी व अधिकारी द्वारा कार्य में लापरवाही बरती जाएगी, उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई कर सेवा से पृथक करने की कार्यवाही भी की जाएगी। इस दौरान सामाजिक समग्र सुरक्षा अधिकारी शिव कुमार शर्मा ने कहा कि शासन द्वारा निर्देशों के पालन में वृद्ध, विधवा व विकलांग पेंशन प्राप्त करता है। ऐसे पेंशन धारियों का भौतिक सत्यापन टाउन हॉल में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जो हितग्राही भौतिक सत्यापन से वंचित रह जाते हैं तो उनकी पेंशन शासन द्वारा बंद कर दी जाएगी। इसलिए पेंशन प्राप्त कर रहे सभी अपना सत्यापन अवश्य कराएं।

# विद्युत वितरण कंपनी द्वारा अस्थाई सिंचाई पंप कनेक्शन की दरें जारी

**मुरैना।** मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा राज्य शासन के निर्णयानुसार जिलों के ग्रामीण क्षेत्र के कृषि उपभोक्ताओं के लिए अस्थाई सिंचाई पंप कनेक्शन हेतु सिंगल फेस एवं थ्री फेस के लिए लागू विद्युत दरें जारी कर दी हैं। कंपनी द्वारा जारी दरों के अनुसार अब ग्रामीण क्षेत्र के कृषि पंप उपभोक्ताओं को तीन माह हेतु सिंगल फेज एक एचपी अस्थाई कृषि पंप कनेक्शन के लिए फिक्स चार्ज, एनर्जी चार्ज सहित देय 4222 रूपए के स्थान पर अब राज्य शासन द्वारा देय सब्सिडी सहित कुल 1843 रूपए का ही भुगतान करना होगा। इसी प्रकार थ्री फेज अस्थाई कृषि पंप कनेक्शन को तीन माह के लिए फिक्स चार्ज, इनर्जी चार्ज सहित कुल 4879 रूपए देय होगी। कंपनी ने कहा है कि अस्थाई कृषि पंप कनेक्शन के लिए कृषि उपभोक्ताओं को वर्ष 2021-22 हेतु जारी टैरिफ आदेश की श्रेणी 5 की कंडिका 1.4 के अनुसार कम से कम तीन माह का अग्रिम भुगतान कंपनी में जमा कराना अनिवार्य है एवं विद्युत सप्लाई कोड 2013 में दिये गये प्रावधानों के अनुसार ऐसे उपभोक्ता जिनके पंप कनेक्शन पर उचित रेटिंग का कैपेसिटर लगा हुआ है उनसे कैपेसिटर सरचार्ज का भुगतान कंपनी द्वारा नहीं लिया जाएगा। कंपनी ने बताया है कि म.प्र. विद्युत नियामक आयोग द्वारा जारी टैरिफ आदेश के अनुसार अस्थाई कृषि पंप की दरों का निर्धारण किया गया है एवं त्रैमासिक आधार पर एम.पी.पॉवर मैनेजमेंट कंपनी जबलपुर द्वारा ईंधन प्रभार की गणना की जाएगी। कंपनी द्वारा अस्थाई कृषि पंप कनेक्शन हेतु जारी दरें 01 नवंबर 2021 से प्रभावशील होंगी।

## श्रीमती कमला की शिकायत का हुआ निराकरण

**मुरैना।** राजस्व शुद्धिकरण पखवाड़े के दौरान श्रीमती कमला की शिकायत का निराकरण जौरा अनुविभाग के एसडीएम विनोद सिंह द्वारा किया गया है। श्रीमती कमला ने शिकायत दर्ज करायी थी कि उसकी भूमि का बटवारा एवं बटांकन को शासकीय अभिलेख में दर्ज नहीं किया गया है। राजस्व शुद्धिकरण पखवाड़े के तहत श्रीमती कमला का बटवारा और बटांकन को शासकीय अभिलेख में दर्ज कर श्रीमती कमला को सूचित किया है। श्रीमती कमला की शिकायत दूर हो जाने पर वह खुश है, उसका कहना था कि बटवारा और बटांकन शासकीय अभिलेखों में लंबे समय से दर्ज नहीं हुआ था। सरकार द्वारा चलाये गये राजस्व शुद्धिकरण पखवाड़े में मेरा भी बटवारा बटांकन शासकीय अभिलेख में दर्ज हो गया है।

# अपमिश्रित खाद्य पदार्थ बेचने वाले को 01 वर्ष का कारावास व अर्थदण्ड

**मुरैना।** अपमिश्रित खाद्य पदार्थ को बिना अनुज्ञप्ति के विक्रय करने के मामले में न्यायालय श्रीमान न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, तहसील जौरा, जिला मुरैना के न्यायालय द्वारा आरोपी बंटी जादौन पुत्र जगदीश जादौन, उम्र 25 वर्ष, निवासी ग्राम धमकन, थाना जौरा, जिला मुरैना को खाद्य अपमिश्रण निवारण अधिनियम 1954 की धारा 7(1) के अंतर्गत दोषी पाते हुये 01 वर्ष के कारावास व 1000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियोजन सहायक मीडिया सेल प्रभारी श्रीमती रश्मि अग्रवाल ने बताया कि घटना इस प्रकार है कि दिनांक 11 अगस्त 2009 को खाद्य निरीक्षक, धमकन रोड जौरा स्थित आरोपी की दूध डेयरी पर नमूना व निरीक्षण कार्य हेतु उपस्थित हुए। डेयरी पर उपस्थित व्यक्ति ने स्वयं को डेयरी मालिक बताते हुए अपना नाम बंटी जादौन बताया। आरोपी को खाद्य निरीक्षक ने अपने पद व अभिप्राय से अवगत कराया। विक्रेता आरोपी ने खाद्य निरीक्षक को बताया कि डेयरी में दूध नहीं है, परंतु एक ड्रम में लिक्विड ग्लूकोज सीरप रखा हुआ है, जिसके बारे में पूछने पर आरोपी ने व्यक्त किया कि लिक्विड ग्लूकोज सीरप का विक्रय करता है। आरोपी से खाद्य लाईसेंस मांगने पर, उसने मौके पर न दिखाते हुए बाद में प्रस्तुत करना व्यक्त किया। आरोपी बंटी अपमिश्रित खाद्य पदार्थ ग्लूकोज सीरप को बिना अनुज्ञप्ति के अपने प्रयोजन हेतु अपमिश्रित अवस्था में बेच रहा था। संपूर्ण विवेचना उपरांत आरोपी के विरूद्ध खाद्य अपमिश्रण निवारण अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

## कोरोना से संपूर्ण सुरक्षा प्राप्त करने के लिये वैक्सीन की दूसरी डोज शीघ्र लगवारों



**मुरैना।** कलेक्टर बी.कार्तिकेयन ने जिले के सभी नागरिकों से कोरोना वायरस के संक्रमण से संपूर्ण सुरक्षा प्राप्त करने के लिये समीप के टीकाकरण केन्द्र जाकर वैक्सीन की दूसरी डोज शीघ्र लगवाने अपील की है। कलेक्टर ने अपील में कहा है कि शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन के लक्ष्य को प्राप्त करने जिले के प्रत्येक नागरिक को अपनी भागीदारी निभानी होगी। प्रत्येक व्यक्ति ड्यू हो जाने पर न केवल खुद पास के टीकाकरण केन्द्र जाकर वैक्सीन की दूसरी डोज लगवायें बल्कि अपने परिवार के सदस्यों, आस-पड़ोस में रहने वाले लोगों तथा परिचितों एवं रिश्तेदारों को भी इसके लिये प्रेरित करें। कलेक्टर श्री कार्तिकेयन ने बताया कि शत-प्रतिशत पात्र आबादी को कोरोना वैक्सीन की दूसरी डोज लगाने चलाये जा रहे विशेष अभियान में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में वैक्सीनेशन सेंटर बनाये गये है।

## 27 नवम्बर तक पुरूष नसबंदी जागरूकता सप्ताह मनाया जाएगा

**मुरैना।** जिला चिकित्सालय के सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक एवं सिविल सर्जन डॉ. विनोद गुप्ता ने बताया कि पुरूष नसबंदी पखवाड़े के तहत 21 से 27 नवम्बर की अवधि में जन जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। 28 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक पुरूष नसबंदी सेवा प्रदायगी की जाएगी। मोबिलाईजेशन गतिविधियों के अंतर्गत आशा, एएनएम, एमपीडब्ल्यू तथा सुपरवाईजर द्वारा अस्थाई गर्भनिरोध साधन के उपयोग तथा पुरूष नसबंदी के लिए इच्छुक दम्पत्तियों का चिन्हांकन एवं प्रेरित करेंगे। पुरूष नसबंदी के लिए शिविरों का आयोजन जिला चिकित्सालय, सिविल अस्पतालों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में किया जाएगा।

# आचार्य आनंद टीम ने वृद्धजनों को भेंट किए गर्म कपड़े कंबल और जूते मौजे



**अम्बाह।** मध्यप्रदेश राज्य आनंद संस्थान से संबद्ध आचार्य आनंद टीम द्वारा वृद्धा आश्रम में बुजुर्ग महिला पुरुषों को सर्दी से बचाव के लिए गर्म शॉल, कंबल और जूते मोजे भेंट किए गए। समाजसेवी सुधीर आचार्य की ओर से भेंट की गई। सामग्री को प्रदान करते हुए संयोजक महेंद्र सखवार, आनंद विभाग के जिला संपर्क व्यक्ति बालकृष्ण शर्मा रोटरी क्लब अध्यक्ष अंकित मिश्रा और आनन्दक अरबिंद मावई, सचिव मनोज पंडित मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इससे पूर्व आचार्य आंनन्द टीम ने बुजुर्गों के साथ कई घंटे बिताते हुए उनसे सुख-दुख सांझा किए और उनकी मूलभूत आवश्यकताओं के अनुसार वस्तुओं की सूची तैयार की। इस अवसर पर सुधीर आचार्य में बुजुर्गों को आश्वस्त किया कि रक्षाबंधन और दीपावली की भांति नव वर्ष और होली के त्यौहार पर भी उनकी टीम उनके साथ त्योहार मनाएगी। इस अवसर पर वृद्धजनों के लिए साफ-सफाई व्यवस्थापक भोजन व्यवस्थापक और प्रबंधक महिलाओं का भी शॉल उड़ाकर सम्मान किया गया।

# जनता का सत्याग्रह: गरीबों के हक पर डाका नहीं डालने दिया जाएगा: माकपा

## सैकड़ों नागरिकों ने तीसरे दिन प्रदर्शन कर दिया नगर परिषद पर ज्ञापन



**कैलारस।** आवास के लिए जनता का सत्याग्रह, नगर परिषद कार्यालय पर, तीसरे दिन भी जारी रहा। सैकड़ों नागरिकों ने प्रदर्शन कर 5 सूत्रीय मांगों को लेकर कम्युनिस्ट पार्टी के बैनर तले ज्ञापन दिया। ज्ञापन में शासकीय जमीन पर पीढियों से आवास बनाकर रह रहे, आवासहीनों को आवास के पट्टे देने, जिनके आवास स्वीकृत हैं, उनके खातों में राशि आवंटित करने तथाकथित तौर पर जिनके आवेदन अस्वीकृत किए गए हैं। उनकी द्वारा जांच कराकर स्वीकृत करने, किरायेदारों को अच्छी जगह पर जमीन आवंटित करवा कर आवास बनाकर देने, जो हितग्राही आवेदन प्रस्तुत करने से वंचित रह गए हैं। उन्हें आवेदन प्रस्तुति के लिए समय देने की मांग रखी गई। ज्ञापन मुख्य नगरपालिका अधिकारी के नाम दिया गया जिसकी प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, कलेक्टर को भी प्रेषित की गई है। इस दौरान हुई सभा को संबोधित करते हुए स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त राज्य सचिव राजवीर सिंह धाकड़ व माकपा नेता ओमप्रकाश श्रीवास ने कहा कि आवास के नाम पर हो रहे भ्रष्टाचार और लूट को बंद किया जाए, सभी पात्रों को पट्टे, आवास दिए जाएं। उन्होंने कहा जब तक पट्टे व आवास नहीं दिए जाते, तब तक जनता का सत्याग्रह जारी रहेगा। इस कार्रवाई का नेतृत्व माकपा के नगर सचिव राजेश गुप्ता, जिला सचिव मण्डल सदस्य महेश प्रजापति, युवा नेता पूर्व पार्षद इब्राहिम शाह, हरीओम गोयल, रामबाबू शाक्य, कृष्ण प्रजापति, भगवान सिंह शाक्य, सलीम खान, बाबूलाल शाक्य, नरेश जाटव, मुरारी लाल, श्रीमती राजेंद्री आर्य, रमेश जाटव, श्रीमती गुलाबो बाई जाटव, श्रीमती कलावती, श्रीमती द्रोपती जाटव, श्रीमती अंगूरी जाटव, भोगी राम कुशवाहा, सुरेश प्रजापति, सोनेराम, अमर सिंह, जगदीश आदि ने किया।

# स्वच्छता में लगातार पांचवी बार अव्वल रखने वाली कर्मवीर सफाई मित्रों का किया गया सम्मान

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो हेड**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**9826576206**

**अतिथियों ने किया कर्मवीरों के साथ स्नेह भोज अन्य अधिकारियों,कर्मचारियों,एनजीओ टीम को भी किया गया सम्मानित**





**इंदौर ।** स्वच्छता में इंदौर शहर को लगातार पांचवी बार देश में अव्वल बनाने में उल्लेखनीय भूमिका निभाने वाले कर्मवीर सफाई मित्रों का आज सम्मान किया गया। सम्मान समारोह सांसद शंकर लालवानी, विधायक महेंद्र हार्डिया,श्रीमती मालिनी लक्ष्मण सिंह गौड़, रमेश मेंदोला, आकाश विजयवर्गीय, संभाग आयुक्त एवं नगर निगम प्रशासक डॉ. पवन कुमार शर्मा, कलेक्टर मनीष सिंह, नगर निगम आयुक्त सुश्री प्रतिभा पाल की विशेष उपस्थिति में आयोजित किया गया। इस अवसर पर पूर्व आईडीए अध्यक्ष मधु वर्मा, पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता, गौरव रणदिवे, कर्मचारी यूनियन के प्रताप करोसिया, पूर्व सभापति अजय सिंह नरूका, पूर्व महापौर परिषद सदस्य, पूर्व पार्षद गण एवं बड़ी संख्या में स्वच्छता कर्मवीर सफाई मित्र, निगम अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित थे। सफाई मित्र कर्मवीरों ने अपनी खुशी का इजहार जश्न मनाकर किया। ब्रिलियंट कन्वेशन सेंटर में आयोजित इस समारोह में उन्होंने नृत्य भी किये।

निगम द्वारा आयोजित समारोह में स्वच्छता में पंच लगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले शहर के समस्त सफाई मित्रों के साथ ही उद्यान विभाग, ड्रेनेज विभाग के कर्मचारियों का भी सम्मान किया गया। अतिथियों के साथ स्नेह भोज किया गया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा समारोह में विजन डॉक्यूमेंट 2022, टैगलाइन प्रतियोगिता एवं 6 बिन हर दिन एप का ई-विमोचन किया गया। इंदौर ने लगाया स्वच्छता का पंच वीडियो तथा लाइट एंड साउंड शो के साथ ही सफाई मित्रों के सम्मान में बनाए वीडियो का प्रसारण किया गया। इसके साथ ही निगम के समस्त 19 झोन में से प्रत्येक झोन के झोनल नियंत्रण करता अधिकारी, झोनल अधिकारी, सीएसआई, सहायक सीएसआई, दरोगा, सफाई मित्र, ड्रेनेज दरोगा, उद्यान दरोगा, सहायक राजस्व अधिकारी, जल प्रदाय एवं विद्युत के इंजीनियर को राष्ट्रपिता श्री महात्मा गांधी जी की प्रतिकृति व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही समस्त सफाई मित्रों, ड्रेनेज एवं उद्यान विभाग के कर्मचारियों का सम्मान स्वरूप उपहार का भी वितरण किया गया।

सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में राष्ट्रपति जी के हाथों इंदौर को स्वच्छता में पांचवी बार नंबर वन स्वच्छ शहर का अवार्ड लेते समय हम बड़ा ही गौरवशाली महसूस कर रहे थे। यह सम्मान आप सभी का सम्मान है। उन्होंने कहा कि जब भी मैं इसी प्रदेश के अन्य शहरों में जाता हूं तो वहां के जनप्रतिनिधि व अधिकारी पूछते हैं कि इंदौर स्वच्छता में ऐसा क्या करता है जो नंबर वन आता है। उन्होंने कहा कि यह इंदौर शहर के जागरूक नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं ऐसे अधिकारियों व कर्मचारियों के सहयोग से संभव होता है। संभाग आयुक्त एवं नगर निगम प्रशासक डॉ. पवन कुमार शर्मा ने कहा कि यह अवार्ड हमें नहीं आप सभी को मिला है और यह हम सब के लिए सौभाग्य की बात है, यह स्वच्छता का सफर बहुत लंबा और कठिन है। इसे बनाए रखना सबसे बड़ी चुनौती है, इसलिए आप सभी लोग स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के लिए मेहनत करने के लिए तैयार रहें। सबकी मेहनत से हम फिर छठी बार स्वच्छता में नंबर वन आएंगे। कलेक्टर मनीष सिंह ने इस अवसर पर कहा कि स्वच्छता में पांचवी बार इंदौर को अव्वल लाने में स्वच्छता की सबसे मजबूत टीम वाल्मिक समाज की टीम है, जिसने हर समय, हर परिस्थिति में प्रतिदिन अपने कार्य को कर्मठता से अंजाम दिया। इसके साथ ही शहर के जागरूक नागरिक, विभिन्न संगठन, मीडिया बंधु, यूनियन एवं निगम के अधिकारी व कर्मचारियों के साथ क्षेत्रीय सीएसआई एवं दरोगा की मजबूत टीम का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

आयुक्त सुश्री प्रतिमा पाल ने इस अवसर पर कहा कि स्वच्छता के कर्मवीर सम्मान के सच्चें हकदार है। उन्होंने हर मौसम के साथ ही कोविड-19 में भी अपनी सेवाएं निरंतर जारी रखते हुए इंदौर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए बेहतर कार्य किया है। उन्होंने कहा कि ऐसे ही कोई शहर स्वच्छता में नंबर वन नहीं बनता है, इसके लिए शहर के जागरूक नागरिक गण, जनप्रतिनिधि गण, विभिन्न संगठन, मीडिया बंधु सफाई मित्रों के साथ ही निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी गण आदि का समन्वय एवं सहयोग आवश्यक है।

## वन-टू-वन

### डॉ.महेन्द्र सिंह राजपुरोहित ने आदि डॉ. चुनचुनगिरी मठ प्रमुख का स्वागत किया



**पुष्पाजंली टुडे**

**.मैसूर--** टी.नरसीपुर तहसील के माणकहल्ली में आदि चुनचुनगिरी मठ के प्रमुख निर्मलानंद नाथ स्वामी ने दुग्ध डेयरी का उद्घाटन किया द्य कार्यक्रम में स्वामी ने बताया कि भारत एक कृषि प्रधान देश हैं द्य किसान देश की रीड है द्य किसानो की खेतीबाड़ी की समस्याएं दूर करने के लिए सरकार को प्रयास करना चाहिए द्य स्वामी ने आगे कहा कि आधुनिक खेती में किसानों को सही तरीके से जानकारी नहीं मिलने के कारण उत्पादन कम हो रहा है तथा गुणवत्ता में कमी रहने के कारण उचित मूल्य नहीं मिल पा रहे हैं द्य फलस्वरुप किसान हताश होकर कृषि कार्य से धीरे-धीरे विमुख हो रहा है द्य संत ने आगे कहा कि किसान परिश्रम कर पशुपालन कर डेयरी में दूध लाकर देता है द्य किसानों को लागत का रूपया जरूर मिलना चाहिए द्य ग्रामीणों व दुग्ध डेयरी स्टाफ ने समाजसेवी बनूर डॉ.महेन्द्र सिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में स्वामी का सम्मान कर आशीर्वाद लिया द्य इस अवसर पर दुग्ध डेयरी अध्यक्ष पी.एम.प्रसन्ना, कार्यदर्शी महेश, ग्रामीण कृष्ण गौड़ा,लिंगप्पा, सोमलिंगा,नागेंद्र, दिवाकर, विजय कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे द्य

### भोपाल जिले को ग्रामीण स्वच्छता में नंबर एक बनाने कवायद

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो हेड**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**9826576206**

**गांव-गांव में स्वच्छता को लेकर अनेक गतिविधियां जारी**

**भोपाल ।** स्वच्छता सर्वेक्षण ग्रामीण 2021 के लिए भोपाल जिले की 187 ग्राम पंचायतों में स्वच्छता को लेकर अलग-अलग नवाचार किये जा रहे हैं। स्वच्छता सर्वेक्षण ग्रामीण के तहत देश भर के 698 जिलों के 17 हजार 475 गांव को कवर किया जा रहा है। सर्वेक्षण के लिए इन गांव के सार्वजनिक स्थानों जैसे आंगनबाड़ियों, स्कूलों, स्वास्थ्य केन्द्रों, हाट बाजार, धार्मिक स्थलों का स्वच्छता संबंधी सर्वे किया जाएगा एवं एसबीएम से संबंधित मुद्दों पर ग्रामीण नागरिकों का मत लिया जाएगा। स्वच्छता सर्वेक्षण - 2021 में मेन फोकस ठोस एवं तरल अपशिष्ट का प्रबंधन, मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन, ओडीएफ स्थिरता बनाये रखने के लिए सार्वजनिक स्थानों का निरीक्षण किया जाएगा। भोपाल के देहातों में स्वच्छता के नवाचार भोपाल जिले में ग्रामीण क्षेत्रों में ठोस एवं अपशिष्ट प्रबंधन के लिए जिला पंचायत भोपाल के द्वारा गोबर गेस संयंत्र के साथ-साथ मुगालिया छाप एवं बरखेड़ी अब्दुल्ला में स्थित गौशालाओं के साथ एमओयू करार किया है। जिसके अंतर्गत आस-पास के ग्राम पंचायतों का गोबर एकत्र करके जैविक खाद के लिये दिया जाएगा। एकत्रित गोबर का एक उचित मूल्य भी किसानों को मिलेगा। इसके लिए भोपाल के अलग-अलग गांव में पशु चिकित्सा शिविर आयोजित किए जा रहे हैं जिसमें पशुपालकों और किसानों के पशुओं का स्वास्थ्श परीक्षण किया जा रहा है एवं उन्हें एसएसजी 2021 से भी जोड़ा जा रहा है। मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में सीएचओ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं स्व-सहायता समूहों की महिलाएं जागरूकता अभियान चला रही है। जिसके अंतर्गत सेनेट्री नेपकिन पेड का उपयोग एवं स्वास्थ् संबंधी जानकारी किशोरी बालिकाओं एवं महिलाओं को दी जा रही हैं। भोपाल जिले के 20 से अधिक गांव ओडीएफ प्लस हो चुके है। इसकी निरंतरता को बनाये रखने के लिए एवं शौचालय के लिए ÷मेरा शौचालय मेरी शान÷ अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही अपशिष्ट कचरा प्रबंधन के लिए अलग-अलग तरीकों से कचरा एकत्रित किया जा रहा है एवं उनका बेहतर तरीके से निपटान भी किया जा रहा है।

# महंगाई को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मानसिंह ने किए जनता से सवाल

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**जन जागरण के द्वारा भाजपा सरकार की विफलताओं से लोगों को कराया रूबरू**



**भिण्ड।** जन जागरण अभियान के तहत जिला कांग्रेस कांग्रेस कमेठी के जिला अध्यक्ष मान सिंह कुशवाहा ने मंगलवार को गाता में चौपाल लगाकर लोगों को भाजपा सरकार की विफलताओं से रुवरु कराया। जिला अध्यक्ष मान सिंह कुशवाहा ने लोगों को संबोधित करते हुए बताया कि भाजपा सरकार अपनी विफलताओं को छुपाने के लिए लोगों को धार्मिक मुद्दों में उलझाने का काम कर रही है। आलम यह है कि लोग इन्हीं सब मुद्दों में उलझ कर रह गए हैं। और बढ़ती बेतहाशा महंगाई की मार झेल रहे हैं।लिहाजा बेरोजगारी चरम सीमा पर पहुंच गई है। बेरोजगार युवा दर-दर की ठोकरें खाने के लिए मजबूर हैं।इसके बाद जिला अध्यक्ष मान सिंह कुशवाहा ने बताया कि किस प्रकार लोगों को गुमराह करके भाजपा सरकार अपनी रोटियां सेकने का काम कर रही है। इतना ही नहीं श्री कुशवाहा ने कहा कि भाजपा सरकार की रहमतों से प्रत्येक विभाग में भ्रष्टाचार व्याप्त हो गया है। बिना पैसों की कोई भी कर्मचारी काम करने के लिए तैयार नहीं है। तथा चौपाल पर बैठे लोगों से पूछा पेट्रोल डीजल गैस के दाम बढ़े कि नहीं बढ़ी तो वही बैठे लोगों में से आवाज आई हां बड़े हैं और लोगों ने कहा महंगाई भ्रष्टाचार ने सारी हदें पार कर दी हैं इसी क्रम में श्री कुशवाहा ने कहा कि 2023 में इस भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकने का काम हम सबको करना है में।वही चौपाल में लोगों ने अधिकारियों के द्वारा परेशान किए जाने की बात कही। लोगों ने कहा कि बिना रिश्वत दिए कोई भी सरकारी योजना का लाभ नहीं मिल पाता है।दफ्तर में बैठे अधिकारी दलालों के जरिए ही काम करते हैं।चौपाल में मौजूद लोग जमकर मौजूदा सरकार के खिलाफ बोले।इस मौके पर सेवादल के जिला अध्यक्ष संदीप मिश्रा,युवा नेता राहुल भदोरिया,अमित दांतरे,रणजीत सिंह गुर्जर,राजवीर खन्ना,मौजूद रहे वही कार्यक्रम आयोजक बलवीर सिंह गुर्जर ने चौपाल के समापन पर सभी लोगो का आभार व्यक्त किया।

# कोरी समाज द्वारा झलकारी बाई जयंती मनाई गई



**राकेश परिहार रिपोर्टर**

पिछोर, कोरी समाज द्वारा झलकारी बाई जयंती मनाई गई जिसमें सदगुरु कबीर मोहल्ला नई बस्ती पिछोर जिला शिवपुरी में बड़े धूमधाम से संत श्री भगवत साहिब जी अध्यक्षता में महान वीरांगना 1857 की रण नायिका झलकारी बाई एवं कोरी समाज का गौरव की 191 वीं जयंती समारोह संपन्न हुआ कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती आरती कबीर महिला जिला अध्यक्ष शिवपुरी विशेष अतिथि संत ज्ञानेश्वर साहब कोली समाज के जिला अध्यक्ष लच्छीराम रिटायर तहसीलदार राजकुमार एडवोकेट प्रदेश संगठन मंत्री आभार व्यक्त किया गज्जू राम डिप्टी रेंजर विदेश प्रसार मंत्री स्वागत सीताराम तहसील अध्यक्ष ने किया एवं बाहर से पधारे हुए अतिथियों का स्वागत किया गया मुख्य वक्ता एवं कार्यक्रम का संचालन देशराज करोटिया प्रदेश सचिव ने किया कार्यक्रम का समापन श्रीमती शशि कोली तहसील अध्यक्ष पिछोर ने किया इस अवसर पर एच एस शिर्वाया नाथूराम शिक्षक मनीराम शिक्षक हरबान सिंह नेता मूंगा राम पर्वत सिंह शिक्षक भागीरथ शिक्षक बंशीधर शिक्षक शंकर शिक्षक ओंकार लाल शिक्षक वीरेंद्र शिक्षक पटेल फूल सिंह शिक्षक आसाराम शिक्षक संजीव कुमार शिक्षक संतोष कुमार पी एच ई पीराराम टेलर सोनू शिक्षक जानकी प्रसाद बृजेश शिक्षक अशोक कुमार एवं मोहल्ले के समस्त समाज के बंधु एवं माता बहने एवं क्षेत्रीय समाज के आदि उपस्थित रहे।

## दीपेश सोनेवाने ने हिमालय के मचाधार पर्वत श्रृंखला हुर्रे पर फहराया तिरंगा

**रितेश कटरे ब्यूरो चीफ**
**पुष्पांजली टुडे**

**बालाघाट ।** शास्त्री वार्ड गोंदिया निवासी दीपेश महेंद्र सोनवाने ने हिमालय पर्वत श्रृंखला के उत्तरी भाग में मचाधार पर्वत श्रृंखला के हुर्रा प्वाइंट पर तिरंगा फहराया। इसकी ऊंचाई 15500 फीट है। उन्होंने उत्तरकाशी, उत्तराखंड में नेहरू पर्वतारोहण संस्थान में 30 दिनों के लिए विशेष पर्वतारोहण प्रशिक्षण में भाग लिया था। प्रशिक्षण के दौरान, उन्होंने कठोर और बर्फ से ढके डोरियानी ग्लेशियर पर 12 दिन बिताए। दीपेश ने माइनस डिग्री के साथ चुनौती स्वीकार कर पर्वतारोहण का प्रशिक्षण पूरा किया। उन्हें कम उम्र से ही पहाड़ों पर चढ़ना पसंद था और उसने किया। दीपेश सोनवाने डी. बी साइंस कॉलेज गोंदिया से बी.सी.ए. डिग्री। उन्होंने महाराष्ट्र और भारत की सबसे ऊंची चोटियों तक पहुंचने का सपना देखा है। वह इसे अपने जीवन में पूरा करना चाहता है।



# राष्ट्रीय एकता और अखंडता को अक्षुण्य बनाए रखने की स्वयं सेवकों ने ली शपथ

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**कौमी एकता सप्ताह अंतर्गत सांस्कृतिक एकता दिवस पर संगोष्ठी एवं शपथ का आयोजन**



**भिण्ड।** दिनांक 23/11/21 को आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला के तहत 19 से 25 नवंबर तक कौमी एकता सप्ताह अन्तर्गत आज 23 नवंबर को उत्कृष्ट विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सांस्कृतिक एकता दिवस मनाया गया।इस दौरान विद्यालय में विद्यार्थियों एवम स्टॉफ को देश की एकता को अखंड एवम अक्षुण्य बनाए रखने की शपथ कार्यक्रम अधिकारी धीरज सिंह गुर्जर द्वारा दिलाई गई। इसके बाद सांस्कृतिक एकता और अखंडता विषय पर परिचर्चा एवम गोष्ठी का आयोजन प्राचार्य पी एस चौहान की अध्यक्षता में किया गया। प्राचार्य ने कहा कि देश की एकता और अखंडता को मजबूत बनाने के लिए हमें आपस में सामुदायिक सद्भाव, समरसता और भाईचारे के साथ व्यवहार करना चाहिए। जाति,धर्म,वर्ग और संप्रदाय से ऊपर उठकर राष्ट्रीयता और राष्ट्रधर्म के बारे में चिंतन करना होगा। मुख्य वक्ता उच्च माध्यमिक शिक्षक सतेंद्र सिंह भदौरिया ने सांस्कृतिक एकता पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि खान-पान,वेश-भूषा,रहन-सहन,बोल-चाल में भिन्नता और विविधता होते हुए भी हमारी संस्कृति एक है। हम सब भारतीय हैं और भारतीयता हमारी संकृति है। अनेकता में एकता हमारी भारतीय संस्कृति की विशेषता है। हम स्वयं की प्रेरणा और स्फूर्ति से इसे और अधिक मजबूत बनाएं। वोकेशनल टीचर सिक्योरिटी प्रभारी भूपेंद्र सिंह कुशवाह ने राष्ट्रीय एकता और अखंडता को मजबूत बनाने पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि आज का युवा जातीयता एवम ऊंच-नीच की संकीर्णता को खत्म कर राष्ट्रीय एवम सांस्कृतिक एकता को मजबूत बनाने में अपनी अहम भूमिका निभा सकता है। कार्यक्रम अधिकारी गुर्जर ने सभी का आभार जताया और कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में समरसता और भाईचारे की भावना को और अधिक प्रगाढ़ बनाना है।

# ग्राम पंचायत सेमरी के बीट मुख्यालय में कलेक्टर ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**कलेक्टर अक्षय कुमार ने बीट कार्यालय पंचायत भवन परिसर सेमरी में आयोजित साप्ताहिक जन चौपाल मैं लोगों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना तथा तो त्वरित निराकरण हेतु संबधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया**

**राकेश परिहार रिपोर्टर**




**शिवपुरी** जिले के अनु विभाग पिछोर की ग्राम पंचायत सेमरी में मंगलवार को कलेक्टर शिवपुरी ने बीट चौपाल में पहुंचकर लोगों से संवाद किया इस दौरान सेमरी निवासी दिनेश लोधी ने शासकीय हाई स्कूल सेमरी के प्रिंसिपल द्वारा स्कूल की व्यवस्थाओं को सही ढंग से संचालित ना करने की समस्याओं से अवगत कराया वही महेंद्र लोधी सहित उपस्थित ग्रामीणों ने अतिवृष्टि से तालाब की साइट फूड जाने और व्यस्त पानी बहने तथा नहरो की साफ सफाई कराने की शिकायत भी कलेक्टर के समक्ष रखी तथा उप सरपंच संकेत गुप्ता शैलेंद्र गुप्ता शिवम दुबे सहित अन्य ग्रामीणों ने गलियों में बनी नालियों से अतिक्रमण हटाने के लिए पंचनामा दिया जिस पर कलेक्टर द्वारा सचिव को निर्देशित किया कि उपरोक्त सभी संबंधित पक्षों को बुलाकर आपसी सहमति से उक्त शिकायतों का निराकरण कराएं और की गई कार्रवाई की वीडियो रिकॉर्डिंग सहित पंचनामा तैयार करें आगामी बीट बैठक में उसे प्रस्तुत करें इसी दौरान कलेक्टर शिवपुरी द्वारा उपस्थिति सभी कर्मचारियों और ग्रामीणों से कहा कि जो समस्याओं का हम सामना करते हैं उन्हें हम सब आपसी सहमति से हल कर सकते हैं जिससे हमारे गांव में भाईचारा कायम होगा और समस्याओं का भी समाधान होगा ग्राम पंचायत सेमरी में आज बीट कार्यक्रम के दौरान क्या-क्या किया गया इसकी जानकारी देते हुए सचिव अजब सिंह लोधी ने बताया कि हमारे गांव में जो नालियों के ऊपर पत्थर आदि रखकर नालियां अवरुद्ध कर रहे हैं उस का पंचनामा पंचायत को प्राप्त हुआ है उन सभी लोगों को समझाएं देकर नालियों को अतिक्रमण मुक्त कराने की कार्यवाही करेंगे जिसकी शुरुआत आज अशोक कुमार सोनी एवं मनोज कुमार लोधी ने स्वच्छता सेनानियों के ऊपर से अतिक्रमण हटाने की लिखित सहमति दी गई दोनों व्यक्तियों ने एक सप्ताह के भीतर मटेरियल हटाने की बात कही है वहीं सामान्य और समझाने के बाद भी ना मांगने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी उपरोक्त बीट बैठक में कुल13 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 11 आवेदनों का निराकरण आगामी बैठक तक कर लिया जाएगा इस दौरान पुलिस अधीक्षक शिवपुरी पिछोर तहसीलदार तहसील जनपद सीईओ सहित बीट मुख्यालय की कर्मचारियों के अलावा ग्रामीण जन मुख्य रूप से कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय एकता और अखंडता को अक्षुण्य बनाए रखने की स्वयं सेवकों ने ली शपथ

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**कौमी एकता सप्ताह अंतर्गत सांस्कृतिक एकता दिवस पर संगोष्ठी एवं शपथ का आयोजन**

भिण्ड।दिनांक 23/11/21 को आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला के तहत 19 से 25 नवंबर तक कौमी एकता सप्ताह अन्तर्गत आज 23 नवंबर को उत्कृष्ट विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सांस्कृतिक एकता दिवस मनाया गया।इस दौरान विद्यालय में विद्यार्थियों एवम स्टॉफ को देश की एकता को अखंड एवम अक्षुण्य बनाए रखने की शपथ कार्यक्रम अधिकारी धीरज सिंह गुर्जर द्वारा दिलाई गई। इसके बाद सांस्कृतिक एकता और अखंडता विषय पर परिचर्चा एवम गोष्ठी का आयोजन प्राचार्य पी एस चौहान की अध्यक्षता में किया गया। प्राचार्य ने कहा कि देश की एकता और अखंडता को मजबूत बनाने के लिए हमें आपस में सामुदायिक सद्भाव, समरसता और भाईचारे के साथ व्यवहार करना चाहिए। जाति,धर्म,वर्ग और संप्रदाय से ऊपर उठकर राष्ट्रीयता और राष्ट्रधर्म के बारे में चिंतन करना होगा। मुख्य वक्ता उच्च माध्यमिक शिक्षक सतेंद्र सिंह भदौरिया ने सांस्कृतिक एकता पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि खान-पान,वेश-भूषा,रहन- सहन,बोल-चाल में भिन्नता और विविधता होते हुए भी हमारी संस्कृति एक है।





हम सब भारतीय हैं और भारतीयता हमारी संकृति है। अनेकता में एकता हमारी भारतीय संस्कृति की विशेषता है। हम स्वयं की प्रेरणा और स्फूर्ति से इसे और अधिक मजबूत बनाएं। वोकेशनल टीचर सिक्योरिटी प्रभारी भूपेंद्र सिंह कुशवाह ने राष्ट्रीय एकता और अखंडता को मजबूत बनाने पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि आज का युवा जातीयता एवम ऊंच-नीच की संकीर्णता को खत्म कर राष्ट्रीय एवम सांस्कृतिक एकता को मजबूत बनाने में अपनी अहम भूमिका निभा सकता है। कार्यक्रम अधिकारी गुर्जर ने सभी का आभार जताया और कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में समरसता और भाईचारे की भावना को और अधिक प्रगाढ़ बनाना है। समाज से ऊंच-नीच, जात-पात,अमीरी- गरीबी के बीच भेदभाव खत्म कर देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने में सहयोग देना है।इस कार्य में हर वर्ग की भागीदारी होगी तभी समाज और देश की उन्नति संभव होगी। इस मौके पर व्याख्याता जे एन पाठक, सतेन्द्र सिंह भदौरिया, के एन बाजपेई, भूपेन्द्र सिंह कुशवाह,,धीरज त्रिपाठी,प्रीति व्यास, यतेंद्र शर्मा,राघवेंद्र शर्मा,मनोज सिंह कुशवाह सहित स्टॉफ के अन्य सदस्य एवं छात्र मौजूद थे।

## वन-टू-वन

### राष्ट्रीय सचिव सुधांशु त्रिपाठी का एक दिवसीय दौरा 25 को



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव मध्य प्रदेश के सह प्रभारी सुधांशु त्रिपाठी का एक दिवसीय दौरा 25 नवंबर को जन जागरण अभियान के तहत आजी माता मंदिर से आड़ोखर कमनपुरा मदनपुरा गोकुलपुरा रोहेरा मोड होते हुए आमायन तक पहुंचने वाली जन जागरण यात्रा में सम्मिलित होंगे यह जानकारी आमायन ब्लॉक अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह चौहान युवा कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष दीपू फौजी ने दी है तथा सभी मोर्चा संगठन ब्लॉक अध्यक्ष प्रदेश पदाधिकारी जिला पदाधिकारी ब्लॉक पदाधिकारी विधायक पूर्व विधायक जन जागरण यात्रा के प्रभारी सह प्रभारी व सभी कार्यकर्ताओं को उपस्थित होने की अपील की है।

### अस्पताल फायर सेफ्टी ऑडिट करवाएं : चौधरी

**भोपाल।** लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने कहा है कि सभी शासकीय अस्पताल और अशासकीय अस्पताल फायर सेफ्टी ऑडिट अवश्य कराएँ। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी ने सोमवार को वीडियो कॉल से मुरैना और नरसिंहपुर के अस्पतालों में भर्ती मरीजों से चर्चा के दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को यह निर्देश दिये। नरसिंहपुर जिला चिकित्सालय में भर्ती श्रीमती प्रियंका श्रीवास, श्रीमती लक्ष्मी यादव और श्रीमती संध्या यादव से अस्पताल से मिल रहें उपचार और सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। भर्ती मरीजों ने अवगत कराया कि उनको चिकित्सालय में चिकित्सक और स्टाफ का अच्छा सहयोग मिल रहा हे।

## खैरागढ़ क्षेत्र के गांव पीपलखेड़ा के राशन डीलर की घटतौली आई सामने



**राशन डीलर को नही है प्रशासन का डर, सरेआम कर रहा है प्रति यूनिट 500 ग्राम की घटतौली**

**संजय सिंह तोमर रिपोर्टर**

**खेरागढ़ ।** आगरा आपको बता दें कि पूरा मामला तहसील खेरागढ़ के अंतर्गत ग्राम पंचायत पीपलखेड़ा का है, जहां पर राशन डीलर घनश्याम गर्ग को पत्रकारों की टीम ने घटतौली करते समय पकड़ा, जब ग्रामीणों से बातचीत की तो ग्रामीणों ने बताया कि राशन डीलर घनश्याम गर्ग काफी दिनों से हमे कम राशन दे रहा है एवं आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने बताया कि राशन डीलर द्वारा प्रति यूनिट पर 4.5 किलो/प्रति यूनिट दिया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया के काफी समय से राशन डीलर के द्वारा राशन कम दिया जा रहा है इस संबंध में पूर्व में कई बार शिकायत की गई लेकिन अभी तक प्रशासन के द्वारा ऐसे राशन डीलरों पर कोई कार्यवाही नही हुई, वहीं ग्रामीणों में राशन डीलर के प्रति रोष दिखाई दिया, ग्रामीणों ने बताया कि इसी तरीके से दबंगई करते हुए हमें हमें राशन कम दिया जा रहा है राशन डीलर से पूछा गया तो राशन डीलर के बेटे ललित गर्ग ने अपने आप को एक मजदूर बताते हुए अपना परिचय दिया मैं यहां पर मजदूरी कर रहा हूं और मेरे द्वारा राशन पूरा दिया जा रहा है वहीं पर स्थानीय लोगों ने राशन डीलर के बेटे ललित गर्ग की मौजूदगी में बताया कि इसी तरीके से हमें हर माह राशन कम दिया जा रहा है।

वहीं पूर्व प्रधान पीपलखेड़ा की दबंगई भी देखने को मिली, पूर्व प्रधान के द्वारा वहां के स्थानीय लोगों पर दबंगई दिखाते हुए उन्हें डराने तथा धमकाने लगे। वहीं कृष्णा कार्ड धारक ने बताया कि हमारी राशन कार्ड में 6 यूनिट है, सरकार द्वारा प्रति यूनिट पर 5 किलो दिया जाता है, लेकिन राशन डीलर घनश्याम गर्ग के द्वारा हमे प्रति यूनिट साढ़े 4 किलो दिया जा रहा है, और बताया कि 6 यूनिट पर 30 किलो राशन मिलना चाहिए था लेकिन हमें 27 किलो राशन दिया गया, इसका विरोध किया तो हमे डराने व धमकाने लगे,। भारत सरकार व राज्य सरकार द्वारा गरीबों को राशन दिया जा रहा है लेकिन डीलर साहब गरीबों के राशन को यूँ घटतौली कर सरकार को चुनोती दे रहे हैं, राशन डीलरों को सरकार का कोई डर नही है सरेआम गरीबों के राशन को घटतौली कर रहे हैं। अब देखना यह होगा क्या भ्रष्ट राशन डीलरों के खिलाफ कोई कार्यवाही होगी।

## फिर सामने आया सोशल मीडीया पर फ्रैंडशिप के बाद रेप का मामला

**आरोपी ने अपने मामा मे ढाबे मे ले जाकर बनाये शारिरीक संबध, शादी का झांसा देकर लिवइन मे रख कई बार बनाया हवस का शिकार**

**भोपाल।** राजधानी के मे एक युवती के साथ सोशल मीडीया पर फ्रैंडशिप के बाद रेप किये जाने का मामला सामने आया है। बताया गया है कि पीडीत युवती की दोस्ती इंस्ट्राग्राम पर रतन कॉलोनी में रहने वाले युवक से हो गई। इसके बाद हुई पहली ही मुलाकात मे आरोपी ने युवती से अपने प्रेम का इजहार किया ओर प्रैम-प्रसंग शुरु होने के बाद बीते साल दिसंबर 2020 में युवक उसे अपने मामा के ढाबे पर ले गया ओर आरोपी ने युवती के साथ शारिरीक संबध बना डाले। बाद में शादी का झांसा देकर उसे घटना के बारे किसी को भी न बताने को कहा ओर कुछ समय बाद युवती को अपने साथ लिव-इन रिलेशन में रखकर उसका लगातार शारीरिक शोषण करना शुरू कर दिया। बीते दिनों युवक ने शादी करने से इंकार करते हुए युवती के साथ मारपीट भी कर उसे भगा दिया। बद मे थाने पहुचीं पीडीता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बलात्कार सहित अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है। निशातपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 18 वर्षीय ने अपनी शिकायत मे बताया कि वो बाहंरवी तक पढी है, ओर बैरसिया इलाके के एक गांव में रहती है। करीब एक साल पहले सोशल मीडिया साइट इंस्ट्राग्राम पर उसकी दोस्ती अभिषेक उर्फ लकी कुशवाहा नाम के युवक से हुई थी, जो चाउमीन के ठेले पर काम करता है। दोनों के बीच की पहचान जल्द ही प्रेम-प्रसंग में बदल गई।

## भाजपा नेता रमेश दुबे ने मध्यप्रदेश नहीं छोड़ने पर कमलनाथ के बयान पर किया पलटवार

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य रमेश दुबे ने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ द्वारा मध्यप्रदेश नहीं छोड़ने पर पलटवार करते हुए कहा कि वे मध्य प्रदेश को छोड़ें या ना छोड़े परंतु प्रदेश की जनता ने उनकी जमीन को उपचुनाव में पूर्ण रूप से ध्वस्त कर दिया है 7 दो उपचुनाव हुए जिनमें कांग्रेस का अता पता नहीं, जहां कमलनाथ गए वहां की जनता ने उन्हें पूर्ण रूप से नकार दिया है लेकिन प्रदेश की जनता के दरबार में झूठ बोलने की राजनीत नहीं चल सकती। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य दुबे ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से मिलने पहुंचे कमलनाथ ने पिछली बार भी कहा कि वे मध्यप्रदेश नहीं छोड़ना चाहते, आखिर कौन-सा कारण है प्रदेश की जनता के सामने बताएं क्योंकि 15 माह की कांग्रेस सरकार का



नेतृत्व कर चुके कमलनाथ में गरीब मजदूर किसानों से झूठ बोलने के सिवा कुछ नहीं किया, मात्र अपने पुत्र छिंदवाड़ा सांसद नकुलनाथ के बचाव के लिए लगे रहे और वहां के आदिवासी वर्ग समाज को भी झूठ बोलने की राजनीति कर उनसे वोट कबाड़ने का षड्यंत्र रचा कर काम करते रहे उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी की सरकार का नेतृत्व कर रहे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हर वर्ग समाज के विकास की चिंता करते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम किया है वहीं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और कमलनाथ जैसे राजनेताओं ने प्रदेश के सर्व वर्ग समाज को भ्रमित करने का काम किया है आज भी कांग्रेस जन जागरण यात्रा पर निकली है मैं पूछना चाहता हूं कांग्रेस के लोगों से कि किस बात की जन जागरण जागरण यात्रा है झूठ बोलने की यात्रा है या और किसी की जहां भी वह जा रहे हैं यात्रा के साथ बिना जनता के जनसमर्थन के फ्लॉप शो रही है यह जन जागरण यात्रा नहीं यह कांग्रेस की भंडहर यात्रा है उन्होंने कहा कि 2023 और 2024 में केंद्र और राज्य में अब भारतीय जनता पार्टी की ही सरकार का नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान ही करेंगे उनकी विकास जन कल्याण योजनाओं से जनता काफी प्रभावित है और जहां भी उपचुनाव प्रदेश में हुए हैं वहां के मतदाताओं ने मोदी और शिवराज सरकार पर विश्वास करते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों को आशीर्वाद प्रदान किया।

# केंद्र और मध्य प्रदेश में होगी भाजपा सरकार, उपचुनाव में मतदाताओं ने कांग्रेस को किया दर किनार-ओपीएस भदौरिया

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**9826576206**

**कांग्रेस बताए किस बात की जन-जागरण यात्रा जनता के साथ झूठ बोलने का काम किया**

**भिण्ड ।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मध्य प्रदेश सरकार में नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री ओ पी एस भदौरिया ने नई दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात करने पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ द्वारा कही गई बात कि मैं मध्यप्रदेश नहीं छोडूंगा पर टिप्पणी करते हुए कहा कि 2023 में कांग्रेस की हार तय है क्योंकि झूठ बोलने वाली कांग्रेस की राजनीति को सर्व समाज की जनता समझ चुकी है, जिस तरह 2018 के विधानसभा चुनाव में गरीब मजदूरों किसान और युवाओं से झूठ बोलकर सरकार बनाई थी उसका परिणाम जनता ने मध्यप्रदेश में दो बार संपन्न हुए उपचुनाव में कांग्रेस को दे दिया है 7 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कठोर निर्णय, राष्ट्रवादी नीतियां, विकास की लोक-कल्याणकारी योजनाएं से प्रभावित होकर एवं प्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की लोकप्रियता से भाजपा समर्थित प्रत्याशियों को प्रचंड बहुमत से जिताकर जनता ने अपना समर्थन साबित किया है 7 देश और प्रदेश के गरीब मजदूरों किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की



दिशा में जोड़ने का कार्य भाजपा सरकार कर सकती है मध्य प्रदेश सरकार में नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री ओ पी एस भदौरिया ने पलटवार करते हुए कहा कि दिग्विजय सिंह हों या कमलनाथ हो जनता इनके झूठ बोलने की राजनीति को समझ चुकी है द्य

राज्यमंत्री भदौरिया ने कांग्रेस द्वारा निकाली जा रही जन-जागरण यात्रा पर तंज कसते हुए कहा कांग्रेस बताए कि किस बात की जन जागरण यात्रा है, जिस कांग्रेस ने 15 माह तक मध्यप्रदेश में राज किया एवं झूठ बोलकर हर समाज को भ्रमित करने का काम किया 7 राहुल गांधी ने मंदसौर की एक चुनावी सभा में कहा था कि 10 दिन में किसानों के सभी कर्जा माफ करेंगे, सरकार बनी, कांग्रेस की कमलनाथ सरकार कर्ज माफ नहीं कर पाई एवं पूरे वल्लभ भवन को भ्रष्टाचार का अड्डा बना कर जनता से लूटने की कमाई करते रहे, जैसे ही मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी तो उन्होंने हर गरीब मजदूर और किसानों को अपने गले लगाकर उनके विकास की चिंता की 7 उन्होंने कहा कि कांग्रेस जन जागरण यात्रा को किसी भी समाज का समर्थन नहीं मिल रहा है, दो चार आदमी इक्कट्ठे होकर कांग्रेस की गुटबाजी को अंजाम दे रहे हैं और जनता भी इस यात्रा में शामिल नहीं है, वही लोग शामिल हैं जो कांग्रेस की पूर्व सरकार में जनता को लूटने का कार्य करते रहें एवं किसी भी प्रकार का कोई समर्थन हासिल नहीं हो रहा हैद्य राज्यमंत्री भदौरिया ने बताया कि ÷भारत तेरे टुकड़े÷ करने वाली गैंग के विचारधारा के लोग इस कांग्रेस में शामिल होकर के हमारी भारतीय संस्कृति को खंडित करने का प्रयास कर रहे हैं 7 यह भारत और मध्य प्रदेश एक सोने की चिड़िया है, क्या यही कांग्रेस की विचारधारा में है कि इस तरह के लोगों को शामिल कर भारतीय लोकतंत्र का गला घोटने का काम कर रहे हैं? क्या यही जन-जागरण कांग्रेस की यात्रा है? कांग्रेस के नेताओं ने कहा दिग्विजय सिंह हो या कमलनाथ हो इन्होंने हमेशा भारत विरोधी बयान देकर समाज को भ्रमित करने का काम किया है और इससे हमारे देश पर कीचड़ फेंकने का काम किया एक विशेष व्यक्ति को खुश करने का काम कांग्रेस के लोग करते रहे द्य

उन्होंने कहा कमलनाथ भले ही मध्यप्रदेश नहीं छोड़े लेकिन अब वे कुछ लायक बचे ही नहीं है, प्रदेश की जनता ने उन्हें पहले ही नकार दिया है

## पांच दिवसीय गौ सेवक प्रशिक्षण का परिचय के साथ हुआ शुभारंभ



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर ।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग जिला ग्वालियर एवं श्री कृष्णायन हरिद्वार के संतो मार्गदर्शन में पांच दिवसीय गौ सेवक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलवार को किया गया कार्यक्रम का आयोजन 23 नवंबर से 27 नवंबर तक दोपहर 12ः00 बजे से 3ः00 बजे तक लाल टिपारा गौशाला मुरार में किया जा रहा है मंगलवार को लगभग 30 से अधिक गौ



सेवकों द्वारा गौ चिकित्सा प्रशिक्षण कार्यक्रम मैं भाग लिया गया प्रशिक्षण मे प्रथम दिन सभी गौ सेवको का परिचये एवम् प्राथमिक जानकारी पशु चिकित्सकों द्वारा दी गई जिसमें गाय के शरीर के अंगों के बारे में एवं पशुओं में आने वाली मुख्य बीमारी के बारे में बताया गया बताया गया साथ ही गौ सेवको के प्रश्नों के उत्तर भी डॉक्टरों द्वारा दिए गए प्रशिक्षित मे गो सेवक बेहतर तरीके से किस प्रकार गौ चिकित्सा कर पाएंगे उसके बारे में बताया गया जिससे कई गौ सेवकों को प्रेरणा भी मिलेगी इस अवसर पर डॉ.उमेश दांतरे जी, डॉ भास्कर प्रसाद शर्मा जी, मधुसूदन शर्मा जी आदि सदस्य उपस्थित थे।

# ग्वालियर के सभी पेट्रोल पम्पों को पीयूसी घोषित करवाया जाए : कमिश्नर

## प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की बैठक सम्पन्न



ग्वालियर । संभागीय कमिश्नर श्री आशीष सक्सेना ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्वालियर नगर के सभी डीजल एवं पेट्रोल पम्पों को पॉल्यूशन अण्डर कंट्रोल (पीयूसी) सेंटर घोषित करवाया जाए। जो डीजल/पेट्रोल पम्प संचालक अपने डीजल-पेट्रोल पम्प को पीयूसी घोषित नहीं करवाते हैं, उन पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। यह निर्देश उन्होंने मंगलवार को मोतीमहल के मानसभागार में आयोजित प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की बैठक में दिए। बैठक में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में बताया गया कि जिला परिवहन अधिकारी पेट्रोल पम्प को पीयूसी सेंटर घोषित करते हैं। कमिश्नर श्री सक्सेना ने निर्देश दिए कि शहर के सभी पेट्रोल पम्पों को जिला परिवहन अधिकारी से पीयूसी सेंटर घोषित करवाया जाए। ये पीयूसी सेंटर पेट्रोल डीजल लेने के लिये आने वाले वाहनों की जांच करके उन्हें सर्टिफिकेट देंगे। यदि किसी वाहन पर पीयूसी सर्टिफिकेट नहीं होता है तो ऐसे वाहनों को कहीं से भी पेट्रोल-डीजल नहीं दिया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की आगामी बैठक में पेट्रोल पंप संचालकों, कंपनी के प्रतिनिधि, उद्योगपतियों एवं अन्य संबंधित सरकारी विभागों के अधिकारियों को भी बुलाया जाए। इस बैठक में प्रदूषण नियंत्रण के संबंध में विस्तार से चर्चा करके कार्रवाई को अमल में लाया जाए।

## प्रतिदिन किया जा रहा है शहर के विभिन्न स्थानों पर फॉगिंग व दवा छिड़काव



ग्वालियर। शहर में संक्रामक एवं मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम एवं कीट-मच्छरों से बचाव के लिए नगर निगम ग्वालियर द्वारा विभिन्न वार्डों में फोगिंग व कीटनाशक दवाओं के छिडकाव के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ ही लार्वा का सर्वे भी किया जा रहा है तथा जहां भी लार्वा मिला तत्काल जुर्माने की कार्यवाही की गई।

स्वास्थ्य अधिकारी श्री वैभव श्रीवास्तव ने बताया कि बदलते मौसम में मच्छरों का प्रकोप ज्यादा रहता है। वर्तमान में मच्छर व अन्य संक्रामक बीमारियों के फैलने की संभावना रहती है। जिसे देखते हुए निगम द्वारा नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल के निर्देश पर विभिन्न वार्डों में फोगिंग व कीटनाशक दवाओं के छिडकाव के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

शहर के विभिन्न स्थानों पर जिसमें सिंधी कॉलोनी, गरगज कूलोनी, बहोडापुर, नदीगेट, शिंदे की छावनी, घोसीपुरा, मोतीमहल रोड, फूलबाग, महारानी लक्ष्मीबाई कॉलोनी, सिटी सेंटर रोड़, लक्ष्मीपुरम, गुरूनानक नगर, किशनबाग, जीवाजी क्लब, हेलीपेड कॉलोनी, विनय नगर सेक्टर, आनंद नगर, शील नगर ,रजमन नगर, तानसेन नगर, हजीरा, थाटीपुर, जगनापुरा, महाराज बाडे पर विक्टोरिया मार्केट के अंदर, रवि नगर की समस्त गलियों, वार्ड 16 में बिरला नगर प्रसूतिगृह में, वार्ड-13 खिडकी मोहल्ला आदि जगहों पर फोगिंग व कीटनाशक दवाओं का छिडकाव किया गया।

## राज्य रूपंकर कला पुरस्कार प्रदर्शनी के लिए 15 जनवरी तक कलाकृतियाँ आमंत्रित

ग्वालियर। उस्ताद अलाउद्दीन खाँ संगीत एवं कला अकादमी द्वारा मध्यप्रदेश राज्य रूपंकर कला पुरस्कार प्रदर्शनी-2022 का आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश के ख्यातिलब्ध कलाकारों के नाम से स्थापित रूपंकर एवं ललित कलाओं के दस पुरस्कारों के लिए अकादमी ने 15 फरवरी 2022 तक कलाकृतियाँ आमंत्रित की हैं। प्रत्येक पुरस्कार की राशि 51 ह?ार रुपये है। प्रदर्शनी में दो कलाकृतियाँ मान्य की जायेगी और 25 से 55 वर्ष तक की आयु के कलाकार भाग ले सकेंगे।

कलाकारों को कलाकृतियों के साथ प्रदर्शनी में प्रवेश शुल्क के रूप में दो सौ रुपये नगद जमा करना होंगे। कलाकारों की मौलिक कलाकृतियाँ जो दिसम्बर 2020 के बाद सृजित हो मान्य की जायेंगी। कला प्रदर्शनी की विवरणिका शासकीय ललित कला महाविद्यालय% जबलपुर, धार, खण्डवा, इंदौर, ग्वालियर तथा अकादमी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

इच्छुक कलाकार अपनी कलाकृतियाँ उस्ताद अलाउद्दीन खाँ संगीत एवं कला अकादमी रवीन्द्रनाथ ठाकुर मार्ग, बाणगंगा चौराहा, भोपाल में 15 जनवरी, 2022 की शाम 5 बजे तक जमा करा सकेंगे। इसके बाद प्राप्त होने वाली कलाकृतियाँ स्वीकार नहीं की जायेगी। फेसबुक (www.facebook.com/kalamitrabpl) एवं अन्य माध्यम से डाउनलोड आवेदन विवरणिका की फोटो प्रतियाँ (ए4 साइज) भी प्रवेश-पत्र के रूप में स्वीकार की जायेगी।

## कक्षा 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा की तिथियाँ घोषित



ग्वालियर। माध्यमिक शिक्षा मंडल ने वर्ष 2022 की कक्षा 10वीं, 12वीं, 12वीं व्यावसायिक पाठ्यक्रम परीक्षा/ शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षण और विद्यालय पूर्व शिक्षा में डिप्लोमा (डी.पी.एस.ई.) के परीक्षा कार्यक्रम घोषित कर दिए हैं। कार्यक्रम अनुसार प्रदेश में 10वीं बोर्ड की परीक्षा 18 फरवरी से 10 मार्च और कक्षा 12वीं बोर्ड की परीक्षा 17 फरवरी से 12 मार्च की अवधि में होगी। सभी परीक्षाएँ सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे के बीच होगी। कक्षा 10वीं और 12वीं के नियमित छात्रों की प्रायोगिक परीक्षाएँ उनके विद्यालय में 12 फरवरी से 25 मार्च 2022 के बीच और स्वाध्यायी छात्रों की उन्हें आवंटित परीक्षा केंद्र पर 17 फरवरी से 20 मार्च 2022 के बीच होगी। परीक्षा कार्यक्रम मंडल की वेबसाइट www.mpbse.nic.in पर भी देखे जा सकते हैं।

शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षण पत्रोपाधि परीक्षा (द्वि-वर्षीय पाठ्यक्रम) के प्रथम वर्ष की परीक्षा 18 फरवरी से और द्वितीय वर्ष की 19 फरवरी से तथा विद्यालय पूर्व शिक्षा में डिप्लोमा (डी.पी.एस.ई.) के प्रथम वर्ष की परीक्षा 18 फरवरी 2022 से और द्वितीय वर्ष की परीक्षा 19 फरवरी 2022 से आयोजित की जाएगी।

परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में सुबह 8:30 बजे तक उपस्थित होना अनिवार्य होगा। परीक्षा कक्ष में 9:45 बजे के बाद परीक्षार्थियों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षा प्रारंभ होने के 10 मिनट पहले उत्तर पुस्तिका और 5 मिनट पहले प्रश्न-पत्र दिए जायेंगे। मंडल ने संबद्ध सभी विद्यालयों के प्राचार्य को शाला के नोटिस बोर्ड पर परीक्षा कार्यक्रम चस्पां करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कक्षा अध्यापक के द्वारा भी संबंधित कक्षा के परीक्षार्थियों को परीक्षा विषय, प्रश्न-पत्र दिनांक, दिवस और समय की जानकारी दी जाएगी। नियमित, स्वाध्यायी, दृष्टिहीन, मूक बधिर (दिव्यांग) परीक्षार्थियों की परीक्षाएँ समान रूप से एक ही तिथि और समय में होगी।

## उपायुक्त ने किया निरीक्षण, अनुपस्थित कर्मचारियों पर की कार्यवाही



ग्वालियर। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देश पर शहर की साफ सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने एवं स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 की तैयारियों को लेकर निगम अधिकारियों द्वारा प्रतिदिन सुबह अपने अपने क्षेत्र में सफाई व्यवस्था की मोनिटरिंग की जाकर संबंधित कर्मचारियों को आवशयक दिशा निर्देश दिये जा रहे हैं। इसके साथ ही आमजनों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। 15 सफाई मित्र अनुपस्थित मिलने पर वेतन काटने के निर्देश दिए।

उपायुक्त श्री सत्यपाल सिंह चौहान ने 50 व 43 का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 2 आउटसोर्स व 1 विनियमित सफाई मित्र अनुपस्थित पाये गए। इसके साथ ही वार्ड 58 में 12 सफाई मित्र अनुपस्थित मिले। सभी के एक दिवस के वेतन काटने के निर्देश दिए गए। साथ ही कहा कि स्वच्छता के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। सभी सफाई मित्र समय से सफाई का कार्य प्रारम्भ कर दें। शहर को साफ व स्वच्छ रखना हमारी पहली प्राथमिकता है।

**सार्वजनिक स्थानों पर पेशाव करने पर वसूला जुर्माना**

निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देशानुसार सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाना, थूकना व पेशाव करने पर जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। इसी के तहत वार्ड 63 के जलालपुर चौराहे पर डब्ल्यूएचओ श्री दीपक खरे द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर पेशाव करने पर जुर्माने की कार्यवाही की गई ।

## स्थानीय समिति की बैठक आज

ग्वालियर। संगीत की नगरी ग्वालियर में इस साल आयोजित होने वाले तानसेन समारोह-2021 की तैयारी के सिलसिले में 24 नवम्बर को स्थानीय समिति की बैठक बुलाई गई है। इस दिन यह बैठक संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सेना की अध्यक्षता में प्रातः 11 बजे मोतीमहल स्थित मानसभागार में होगी। स्थानीय समिति के सभी सदस्यगणों से बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

**जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आज**

ग्वालियर। जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक 24 नवम्बर को होगी। इस दिन यह बैठक प्रातः 11 बजे सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के सभागार में होगी।

बैठक में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी व ग्रामीण और जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण अंचल में निर्माणाधीन नल-जल योजनाओं की समीक्षा की जायेगी।

## निर्माण कार्यों में ग्वालियर का ही पत्थर लगे, इसके लिए विभागों को लिखेंगे पत्र : कलेक्टर

### ग्वालियर का पत्थर 47 देशों में होता है एक्सपोर्ट

### एक जिला-एक उत्पाद की बैठक सम्पन्न



ग्वालियर। ग्वालियर का स्टोन न केवल देश में बल्कि लगभग 47 देशों में एक्सपोर्ट होता है। जिले का लगभग 95 प्रतिशत स्टोन की सप्लाई विदेशों में है। यहाँ का पत्थर न केवल देश में बल्कि विदेशों में भी अपनी अलग पहचान स्थापित कर चुका है। ग्वालियर स्टोन के एक्सपोर्ट हेतु हर संभव सहयोग किया जाएगा। एक जिला-एक उत्पाद के तहत ग्वालियर जिले में स्टोन को चिन्हांकित किया गया है। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने मंगलवार को एक जिला-एक उत्पाद के तहत बैठक में यह बात कही। कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में विभागीय अधिकारियों के साथ-साथ स्टोन पार्क के स्टोन कारोबारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने कहा है कि ग्वालियर जिले में शासकीय विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों में ग्वालियर का ही पत्थर उपयोग हो, इसके लिये सभी विभागीय अधिकारियों को पत्र लिखा जायेगा। ग्वालियर के निर्माण कार्यों में ग्वालियर के पत्थर का ही उपयोग हो, यह भी सुनिश्चित किया जाएगा।

## जनसुनवाई : गूगल मीट के जरिए कलेक्टर ने कराया समस्याओं का समाधान

### जन समस्याओं के निराकरण में रोड़ा बन रहे कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश



ग्वालियर। राजस्व संबंधी समस्याओं के निराकरण में लापरवाहीपूर्ण रवैया बड़ागाँव के पटवारी और डबरा तहसील के एक लिपिक को भारी पड़ा है। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने पटवारी को निलंबित करने और लिपिक की वेतन वृद्धियां रोकने के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को हुई कलेक्ट्रेट की जन-सुनवाई में कलेक्टर श्री सिंह के संज्ञान में इन दोनों कर्मचारियों की शिकायतें सामने आई थीं। जन-सुनवाई में कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने गूगल मीट के जरिए डबरा तथा जिले के अन्य समाधान केन्द्रों में बैठे मैदानी कर्मचारियों से चर्चा की और जन समस्याओं का निराकरण कराया। आम जन की राजस्व और पुलिस से संबंधित समस्याओं के त्वरित समाधान के लिये ग्वालियर जिले में जन-सुनवाई का विस्तार किया गया है। जिसके तहत पुलिस बीट की तर्ज पर दो से तीन पटवारी हलकों के बीच समाधान केन्द्र स्थापित किए गए हैं। इन समाधान केन्द्रों पर पटवारी, संबंधित बीट के पुलिसकर्मी व कोटवार हर मंगलवार को बैठकर जन समस्याओं का निराकरण करते हैं। जिला स्तर से कलेक्टर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा इनकी निगरानी की जाती है। कलेक्ट्रेट की जन-सुनवाई में मंगलवार को लगभग एक सैंकड़ा फरियादी अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर पहुँचे।

कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आशीष तिवारी, अपर कलेक्टर श्री इच्छित गड़पाले व श्री एच बी शर्मा सहित जिला प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने एक-एक कर सभी फरियादियों की समस्यायें सुनीं। साथ ही उनके निराकरण की रूपरेखा तय की। जन-सुनवाई में मदद की आस में आए लोगों के निःशुल्क इलाज का इंतजाम भी कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने कराया।






स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478